**गड्ढे में डूबे पांच मासूम**

मधुबनी, 3 जून (निस) मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड के पतौना थाना क्षेत्र के केरवार गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जेसीबी से खोदे गए गहरे गड्ढे में जमा पानी में नहाने के दौरान पांच मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में तीन सगी बहन-भाई समेत पांच बच्चे शामिल हैं।


दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी सम्पादकः अमृतपाल सिंह DAILY BHARAT DESH HAMARA NEW DELHI


**एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल परीक्षण**

नई दिल्ली, 3 जून (निस) डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने मंगलवार को एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल टेस्ट किया है। यह टेस्ट वायुसेना के एसयू-30एमकेआइ फाइटर जेट से किया गया। ये मिसाइल हवा से जमीन में 300 किमी की तक की रेंज में दुश्मन को खत्म करेगी।


आरएनआई नं. 57282/1994 वर्ष 31 अंक 153 नई दिल्ली वीरवार 4 जून, 2026 मूल्य एक रुपया कुल पृष्ठ: 8 फोन 97111 01161 ईमेल : bharatdeshdelhi@gmail.com



## मालवीय नगर स्थित होटल में भीषण आग का तांडव, 21 लोगों की मौत, जांच के आदेश

### कई घायल, आईसीयू में भर्ती- पीएम मोदी सीएम रेखा, खड़गे, राहुल ने जताया दुख



नई दिल्ली, 3 जून (संजय बंसल) दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार को भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हुई तो करीब इतने ही बुरी तरह झुल गए हैं। मृतक और घायलों में कई विदेशी नागरिक भी हैं। इमारत में एक रेस्टोरेंट के अलावा ठहरने के लिए होटल भी था। बताया जा रहा है कि इमारत में ठहरे ज्यादातर लोग वे हैं जिनके परिजनों का पास में स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक होटल के पास 6 कमरों का बी2बी का लाइसेंस था, लेकिन इसमें 25 से ज्यादा कमरे बनाए गए थे। इमारत से निकलने का एक ही रास्ता था। कुछ लोग बेसमेंट में भी रह रहे थे। हैरानी की बात यह भी है कि लोग आग में अंदर जल रहे थे और बेसमेंट के बाहरी गेट पर ताला लगा था। कुछ लोगों ने आग की लपटों के बीच कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की रिपोर्ट के मुताबिक डीसीपी साउथ के मुताबिक सुबह 8:48 बजे मालवीय नगर से फ्लोरिश स्टे नाम के होटल-रेस्टोरेंट में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं। दमकल की 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिशें कीं। अंदर फंसे लोगों को बचाने का काम शुरू किया। इमारत से 40 से अधिक लोगों को निकालकर पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। उन्होंने 21 लोगों की मौत की पुष्टि की है।जानकारी के मुताबिक जिंदा जले मृतक और घायलों में कई विदेशी नागरिक भी थे। इनमें ज्यादातर अफ्रीकी मुल्कों के बताए जा रहे हैं। ये लोग एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए आए थे और इस होटल में रुके हुए थे। आग लगने के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने सबसे पहले लोगों को बचाने की कोशिश की। आग की लपटों से लोगों को निकालकर भागने का मौका नहीं मिला। कई लोग तीसरी मंजिल से नीचे कूद गए। लोगों ने नीचे गद्दे बिछाए और लोगों को बचाने की कोशिश की। इमारत में आग शेष अंतिम पृष्ठ पर

## भारत ने पड़ोस को हमेशा पहल दी, भारत एवं नेपाल भविष्य में मजबूत साझेदार साबित होंगे-पीएम मोदी



नई दिल्ली, 3 जून (संजय बंसल) नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने दोनों देशों के साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि रवि लामिछाने से मुलाकात का अवसर पाकर उन्हें बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ मिलकर साझा समृद्धि और विकास के लिए काम करने की उनकी आकांक्षा का वह स्वागत करते हैं और इस सोच से पूरी तरह सहमत हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत के लिए नेपाल उसकी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत एक अहम और प्राथमिक साझेदार है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने अपनी नेबरहुड फर्स्ट नीति का जिक्र करते हुए कहा कि नेपाल भारत का एक प्राथमिकता वाला साझेदार है। उन्होंने भरोसा जताया कि नई सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों के विशेष, बहुआयामी और ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत और नेपाल के बीच सहयोग व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, शिक्षा, पर्यटन और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है। भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नेपाल के साथ घनिष्ठ सहयोग आने वाले समय में द्विपक्षीय संबंधों को और ज्यादा व्यापक और मजबूत बना सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले मंगलवार को लामिछाने ने बीजेपी के अध्यक्ष नितिन नबीन, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। लामिछाने ने एक्स पोस्ट पर इन मुलाकातों को बेहद अहम और उपयोगी बताया था। मुलाकात में नेपाल-भारत संबंध, आपसी हित, लोकतांत्रिक अभ्यास, सुरक्षा सहयोग और दोनों देशों के राजनीतिक दलों के बीच संवाद और सहयोग के विषयों पर विचार-विमर्श हुआ था। लामिछाने समेत उनकी टीम 5 जून को स्वदेश लौट जाएंगे।

## पंजाब भाजपा अध्यक्ष की कमान संभाली केवल सिंह ढिल्लों ने, संगठन को मजबूत करने पर बल

### जनता बदलाव लाएगी-चुघ, पंजाब में बनेगी डबल इंजन वाली सरकार-सैनी



चंडीगढ़ 3 जून (निस) पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना करने बाद भाजपा कार्यालय में महाराजा रणजीत सिंह शेर-ए-पंजाब की तस्वीर लगाई। इस दौरान बीजेपी ने कहा कि, पंजाब की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है। पंजाब में 2027 में महाराजा रणजीत सिंह वाली सरकार बनाएंगे इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कहा कि आज केवल सिंह ढिल्लों ने आज अपने पंजाब प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। केवल सिंह ढिल्लों की लिडरशिप में पूरी पार्टी एक आवाज में कह रह है कि पंजाब को ड्रग फ्री करेंगे। महाराजा रणजीत सिंह जी की विरासत से प्रेरणा लेते हुए, भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों में सभी 117 सीटों पर पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, पंजाब में एक %डबल-इंजन% सरकार का गठन किया जाएगा, ताकि प्रदेश को नशामुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त, भयमुक्त और विकसित बनाया जा सके तरुण चुघ ने आगे कहा कि, वित्त मंत्री अमित शाह ने मोगा रैली के दौरान कहा था कि, 2 साल ड्रग फ्री पंजाब होगा। पूड़ी बेचने वाले और पूड़ी लाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। पंजाब के अंदर गैंगस्टर राज की मुक्ति का 2027 इंतजार कर रहा है। आज हर पंजाबी के आगे प्रश्न है कि, कौन सी पार्टी है जो पंजाब को भ्रष्टाचार, गैंगस्टरराज, ड्रग फ्री, माफिया से मुक्त करवा सकती है। आम नागरिक की आवाज है कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही ये सब कर सकती है।

चंडीगढ़, 3 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंजाब के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों के चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यभार ग्रहण समारोह में पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरदार ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी और पंजाब में भी हरियाणा की तरह डबल इंजन की सरकार बनेगी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब भाजपा कार्यालय में पूजा और अरदास की तथा दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय शेष अंतिम पृष्ठ पर

### कोयला घोटाला-नवीन जिंदल को समन जारी

नई दिल्ली, 3 जून (निस) दिल्ली की एक विशेष कोर्ट ने सोमवार को उद्योगपति नवीन जिंदल, पूर्व कोयला सचिव पी सी पारेख और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया है। कोर्ट ने आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी से जुड़ी धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपों पर सुनवाई शुरू करने का फैसला किया है। स्पेशल जज सुनेना शर्मा ने नवीन जिंदल, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, पी सी पारेख, राकेश कुमार जिंदल, राम किशोर, एस के अग्रवाल और जिंदल स्ट्रिप्स लिमिटेड को 17 जुलाई को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों से जुड़ी सबसे विस्तृत और भारी-भरकम आरोप-पत्रों में से एक है। मामले की जांच सीबीआई ने की है, जिसने आरोप लगाया है कि कोयला ब्लॉक आवंटन और खनन पट्टे से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया गया है। सीबीआई के मुताबिक 1996 में छत्तीसगढ़ के गारे पाल्मा 4/1 कोयला ब्लॉक का आवंटन जिंदल स्ट्रिप्स लिमिटेड को 0.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले स्पंज आयरन प्लांट के लिए किया गया था। कोयले का भंडार निर्धारित जरुरत से काफी ज्यादा था, जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि खनन पट्टे के लिए केंद्र सरकार की ओर से 705 हेक्टेयर क्षेत्र को मंजूरी दी गई थी।


## कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आर्थिक मोर्चे पर बुरी तरह से विफल रहने का आरोप लगाया

नई दिल्ली, 3 जून (निस) डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार कमजोरी को लेकर कांग्रेस ने फिर केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया है। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को संभालने में विफल रही है और रुपये की गिरती कीमत को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पर दबाव बनाया है। हालांकि, आरबीआई ने इन आरोपों से जुड़े दावों को सिरे से खारिज किया है। कांग्रेस ने दावा किया कि देश की मुद्रा लगातार कमजोर हो रही है और किसी भी समय एक डॉलर की कीमत 100 रुपये तक पहुंच सकती है। आरबीआई ने हाल के दिनों में अरबों डॉलर मूल्य का सोना बेचा है ताकि रुपये को और कमजोर होने से रोका जा सके। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधकर कहा कि यह सब उनकी छवि को बचाने के लिए हो रहा है। कांग्रेस पार्टी का दावा है कि देश की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है और इसके संकेत गिरते रुपये, विदेशी निवेश में कमी, उद्योगों पर बढ़ते दबाव तथा रोजगार के मौकों में गिरावट के रूप में दिखाई दे रहे हैं। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को इन रिपोर्टों का स्पष्ट खंडन किया जिसमें कहा गया था कि केंद्रीय बैंक ने अपने स्वर्ण भंडार का हिस्सा बेच दिया है। आरबीआई ने कहा कि उसके पास मौजूद भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई कमी नहीं आई है।

## ब्याज दरों में स्थिरता से मिलेगी अर्थव्यवस्था को मजबूती-सीएस शेट्टी


नई दिल्ली, 3 जून (निस) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बीच देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेटटी ने संकेत दिया है कि फिलहाल ब्याज दरों में किसी प्रकार का बदलाव न करना अर्थव्यवस्था के लिए अधिक लाभदायक हो सकता है। उनका मानना है कि मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में दरों को स्थिर रखने से विकास की गति को सहारा मिलेगा और बाजार में भरोसा बना रहेगा। एक कार्यक्रम एसबीआई चैयरमैन सेटी ने कहा कि वित्तीय बाजार भी ब्याज दरों में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। उनके अनुसार महंगाई पर लगातार नजर रखना आवश्यक है, लेकिन वर्तमान समय में ब्याज दरों में स्थिरता बनाए रखना आर्थिक गतिविधियों के लिए सकारात्मक साबित हो सकता है।

## कर्नाटक में डीके शिवकुमार का शासन, सीएम पद की शपथ ली, 13 मंत्री शामिल



बेंगलुरु,3 जून (निस) कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए डीके शिवकुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उन्होंने हाथ में संविधान की प्रति लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ 13 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कांग्रेस नेतृत्व ने इसे राज्य के विकास और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। शपथ ग्रहण समारोह में जी परमेश्वर ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले राज्य में एक से अधिक उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने फिलहाल परमेश्वर को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है। नई मंत्रिपरिषद में कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया है। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में के.एच. मुनियप्पा, सतीश जारकीहोली, कृष्णा बायरेगौड़ा, प्रियंक खड़गे, यू.टी. खादर, ईश्वर खंड्रे, यतींद्र सिद्धारमैया, यरथी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल सहित अन्य शामिल हैं। नई सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पुत्र यतींद्र सिद्धारमैया और खड़गे के पुत्र प्रियंक खड़गे को भी मंत्री बनाया गया है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में फिर से दो से तीन रुपए वृद्धि होने के संकेत



नई दिल्ली 3 जून (निस) अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर साफ दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड की कीमतें फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पास पहुंच गई हैं, जिससे तेल विपणन कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। इसके बाद रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अनुमान जताया है कि कंपनियों के बढ़ते घाटे को कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल के दामों में करीब 2.5 रुपये प्रति लीटर की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है देश में 15 मई से अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार चरणों में बढ़ोतरी हो चुकी है। इस दौरान दोनों ईंधनों के दाम कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ चुके हैं। सबसे पहले 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा हुआ था। 19 मई को करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई। 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा किया गया।

### सीएम सैनी ने दी बधाई, कहा-संगठन को बल मिलेगा

## डा. अर्चना गुप्ता ने हरियाणा भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभाला, प्रत्येक वर्कर को मिलेगा सम्मान



चण्डीगढ, 3 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष संगठन का चेहरा और कार्यकर्ताओं की आशाओं का केंद्र होता है। वह संगठन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु होता है और पार्टी की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम होता है। प्रदेशाध्यक्ष का पद बहुत बड़ी जिम्मेदारी है मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पंचकूला में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को हृदय की गहराइयों से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी ऐसे ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हैं। जब भारतीय जनता पार्टी हरियाणा को एक नया नेतृत्व, नई ऊर्जा, नया संकल्प और नई दिशा प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफल प्रदेशाध्यक्ष केवल संगठन का विस्तार नहीं करता, बल्कि कार्यकर्ताओं के मन को जोड़ता है। वह हर बूथ कार्यकर्ता के योगदान को सम्मान देता है। वह समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करता है। नए कार्यकर्ताओं को अवसर एवं नई ऊर्जा को दिशा देता है और संगठन को निरंतर गतिशील बनाए रखता है। नई प्रदेशाध्यक्ष इसी भावना के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी और उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन हरियाणा के हर गांव, वार्ड, बूथ और समाज के प्रत्येक वर्ग तक और अधिक मजबूती के साथ पहुंचेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त होगा। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की जनसेवा की परंपरा और अधिक व्यापक रूप से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। भाजपा एक विचार, संस्कार और आंदोलन है। राष्ट्र निर्माण का एक सत्त अभियान है। इसमें व्यक्ति नहीं, विचार बड़ा होता है। पद नहीं, जिम्मेदारी बड़ी होती है। भाजपा में सत्ता नहीं, सेवा सर्वोपरि होती है।

**भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोच्च, संगठन सर्वोपरि और राष्ट्रहित अंतिम लक्ष्य** - मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समारोह केवल दायित्व ग्रहण का कार्यक्रम नहीं है। बल्कि, यह उस विश्वास का प्रतीक है जहां भाजपा में अवसर वंश के आधार पर नहीं, बल्कि क्षमता, समर्पण, परिश्रम और संगठन के प्रति निष्ठा के आधार पर मिलता है। यह केवल संगठन का कार्यक्रम नहीं है। यह एक विचार और नारी शक्ति के सम्मान का उत्सव भी है। भारतीय जनता पार्टी की उस जीवंत शेष अंतिम पृष्ठ पर

### गुजरात में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अभियान, 290 काबू

अहमदाबाद, 3 जून (निस) गुजरात में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने बड़े पैमाने पर संयुक्त कार्रवाई की। चंडोला, गुलाबनगर, खोडियारनगर सहित शहर के कई इलाकों में देर रात चलाए गए विशेष तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया। क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल के अनुसार अभियान के दौरान कुल 290 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इसमें से 131 लोगों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया, जबकि करीब 160 अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी व्यक्तियों के दस्तावेजों, पहचान और नागरिकता संबंधी रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है।

## यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज, भाजपा एवं समाजवादी पार्टी अंदरखाते सरगर्म



लखनऊ, 3 जून (निस) उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव अपने निर्धारित समय, यानी फरवरी-मार्च 2027 से पहले कराने की अटकलें तेज हैं। इसकी वजह 2027 में देश भर में होने वाली राष्ट्रीय जनगणना को बताया जा रहा है, इस जनगणना ने संभावित चुनावी कैलेंडर को बदल दिया है। चर्चा है कि अब इन चुनावों को इसी साल नवंबर-दिसंबर में कराया जा सकता है। जनगणना विभाग ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि फरवरी और मार्च में देशभर में बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय जनगणना का कार्य होगा। यह देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायदों में से एक है, जिसमें प्रशासनिक अमले और कर्मचारियों की पूरी मशीनरी एक-एक घर जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन के काम में व्यस्त रहेगी। इसके बाद जनगणना विभाग ने चुनाव आयोग को आगाह किया है कि इस दौरान उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न कराना करीब असंभव होगा। चुनाव आयोग के पास सूबे में चुनाव को तय समय से आगे टालने का विकल्प नहीं है, क्योंकि ऐसा करने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ सकता है, जो संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत होगा। नियमों के अनुसार, विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने के छह महीने पहले कभी भी चुनाव कर सकते हैं, जिसके लिए संसद से किसी विशेष मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 14 मई 2027 को समाप्त हो रहा है। इसके बाद फरवरी-मार्च 2027 की बजाय चुनावों को नवंबर-दिसंबर 2026 में प्रीपोन करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यह समय मौसम के लिहाज़ से भी उपयुक्त माना जा रहा है, क्योंकि जनवरी में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब जैसे राज्यों में कड़ाके की ठंड, कोहरा और धुंध नेताओं के हेलीकॉप्टर उड़ने-लैंड करने में बाधा डाल सकते हैं और चुनाव प्रचार को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। नवंबर और दिसंबर की गुलाबी ठंड को चुनाव के लिए सबसे मुफीद समय माना जा रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग या केंद्र की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस चर्चा ने ज़ोर पकड़ लिया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी की बैठकों में नेताओं और कार्यकर्ताओं को समय से पहले चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा है। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा भी इस संभावना पर मंथन कर रही है और अपनी तैयारियों को दुरुस्त करने में जुट गई है। हालिया विधानसभा चुनावों में मिली जीत के 'मोमेंटम' का फायदा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी मिलेगा।

# सम्पादकीय

## पेपर लीक के जिम्मेदार, कैसे करेंगे समस्या का समाधान?

इन दिनों देश में पेपर लीक का मामला बड़ा चर्चित है। युवा वर्ग पेपर लीक होने से सबसे ज्यादा प्रभावित है। इनकी संख्या करोड़ों में है। इसका एहसास ना तो सत्ता पक्ष को हो रहा है, ना ही विपक्ष को हो रहा है, सत्ता पक्ष सत्ता में बने रहने के लिए चहेतो को उपकृत करने, सत्ता के जरिए कमाई और अपनी ही विचारधारा के लोगों को चयनित करने के लिए इस तरह की परीक्षाओं का आयोजन करता है। परीक्षाओं के नाम पर गड़बड़ी कराके सत्ता पक्ष अपना लक्ष्य पूर्ण करता है। जिस तरह से अब परीक्षा पेपर लीक होने और परीक्षाओं में गड़बड़ी होने के मामले एक-एक करके खुलकर सामने आ रहे हैं। उसके बाद से सत्ता पक्ष की मुसीबत बढ़ाना शुरू हो गई है। सत्ता पक्ष हमेशा दूसरों के ऊपर आरोप डालकर मामले को ठंडा करने में लगा रहता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण मध्य प्रदेश का व्यापम घोटाला है। जो कई दशकों के बाद भी जिन लोगों ने गड़बड़ी की थी। जिनकी लापरवाही और मार्गदर्शन में व्यापम फर्जी वाड़ा हुआ था। उनके ऊपर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हां जिन छात्रों ने पैसे देकर पीछे के रास्ते से परीक्षा पास करके अपना कैरियर बनाना चाहा था। वह दोनों दीन से चले गए, पैसा भी गया और जेल अलग से जाना पड़ा। 10 साल से ज्यादा समय हो गया है व्यापम घोटाले के आरोपी छात्र-छात्रा आज भी कोर्ट कचहरी की लड़ाई लड़ रहे हैं। मां-बाप का घर मकान बिक गया है। जो जिम्मेदार थे, वह आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। व्यापम घोटाले के आरोपी और उनके चेला-चपाटी नेशनल टेस्ट एजेंसी में मौज कर रहे हैं। जिन लोगों के पास व्यवस्था है, वही गड़बड़ी करा रहे हैं? उन्हीं के निर्देशन में जांच एजेंसियां काम करती हैं। ऐसी स्थिति में समस्या का समाधान कैसे होगा। यह आसानी से समझा जा सकता है। वर्तमान परीक्षा व्यवस्था में लगभग 30 करोड़ युवाओं का भविष्य जुड़ा हुआ है। अब तो सीबीएसई की परीक्षा परिणाम भी भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के भैंट चढ़ गया है। पहले परीक्षा फीस के नाम पर वसूली करो, फिर रिवैल्युएशन के नाम पर कमाई करो। यह कमाई उन्हीं लोगों को होती है, जिन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। ऐसी स्थिति में अब युवा वर्ग नाराजी के साथ सड़कों पर आने के लिए विवश है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणाम में जो गड़बड़ी हुई है। जांच एजेंसी उसमें कुछ नहीं कर पाई। मंत्री जी कुछ नहीं कर पाए, बड़े-बड़े अधिकारी हाथ-पै-हाथ धर के बैठे हुए हैं। यह लड़ाई खुद 12वीं के वह बच्चे जिसने परीक्षा दी थी। उसके परिणाम में गड़बड़ी हुई, वह खुद जांच कर रहा है। खुद लड़ाई के मैदान में अभिमन्यु की तरह खड़ा हो गया है। सरकार घबरा रही है, विपक्ष छात्रों के पीछे खड़ा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस तरह से 12वीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन मैं गड़बड़ी हुई है। छात्रों की शिकायत पर पुनर्मूल्यांकन के कार्य में जो गड़बड़ी हो रही है। जब उसका मामला उठाया। तब सरकार को लगा कि मामला गलत दिशा में जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार भी चैतन्य अवस्था में आई है। सरकार कार्यवाही करे, तो किस पर करे। यह सरकार के लिए सबसे बड़ी परेशानी का विषय बन गया है। शिक्षा मंत्री पर कार्यवाही नहीं कर सकते हैं, वह वही निर्णय ले रहे थे, जो उनसे कहा जा रहा था। शिक्षा मंत्री के कहने पर सारे अधिकारी वही निर्णय ले रहे थे, जो शिक्षा मंत्री जी से उन्हें मिल रहे थे। अब बलि का बकरा ढूंढ रहे हैं, जो सबसे कमजोर होगा, उसके नाम पर ठीकरा फोड़ दिया जाएगा। पिछले 12 सालों में सरकार बड़े-बड़े गड़बड़ी के मामलों में चुप्पी साधकर, मामलों को लाल बस्तों में हमेशा के लिए बंद कर देती थी। इस बार यह मामला फंस गया है। 100 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। नीट परीक्षा में हर साल अरबों रुपया का वारा न्यारा होता है। परीक्षा फीस के नाम पर करोड़ों रुपए की कमाई बेरोजगार युवकों और छात्रों से की जाती है। सरकारी नौकरी और अन्य परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां होती हैं। उनमें भी लेनदेन का खेल बड़े सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है। अब यह सारे मामले एक-एक करके खुलकर सामने आ रहे हैं। इसको दबाके रख पाना सरकार के लिए संभव नहीं रहा। पानी सिर के ऊपर पहुंच रहा है, ऐसी स्थिति में अब युवा वर्ग अपनी लड़ाई खुद लड़ने के लिए सड़कों पर आने के लिए विवश हो गया है। उसे ना तो सत्ता पक्ष पर विश्वास है, ना विपक्ष पर विश्वास है। ना ही जांच एजेंसियों और न्यायपालिका पर विश्वास रह गया है। देश में पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। जिसमें करोड़ों युवा अब आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए मैदान में है। महाभारत का युद्ध हुआ था। इसको टालने के लिए भगवान कृष्ण ने कौरवों को सुझाव दिया था, वह पांच गांव पांडवों को दे दें। युद्ध को टाल दें। भगवान कृष्ण पांच गांव पांडवों को नहीं दिलवा पाए। महाभारत का युद्ध हुआ, जिसमें भारी विनाश हुआ। ना पांडवों के हाथ कुछ लगा, ना कौरवों को कुछ मिला। जब समय खराब होता है, तब उसी तरह की मति हो जाती है। इसलिए कहा जाता है, समय बलवान होता है। कर्म का फल समय आने पर सबको भोगना पड़ता है। नीट, प्रवेश चयन परीक्षा और बोर्ड परीक्षा में जो गड़बड़ी हुई हैं। उसके लिए शिक्षा मंत्री का इस्तीफा ले लिया जाता तो शायद यह मामला ठंडा पड़ सकता था। जांच के नाम पर छोटी-छोटी मछलियों को निशाने पर लिया जा रहा है। बड़ी मछली और मगरमच्छ मस्त है, उन्हें पता है, उनका कुछ नहीं होना है। इसलिए अब छात्रों-बेरोजगार युवाओं में जो जलजला देखने को मिल रहा है। उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है। समस्या का समाधान आसान नहीं है। जब भी इसका समाधान होगा, उसकी भारी कीमत देश को चुकानी होगी।

# रोहिणी नौतपा एवं बढ़ते तापमान का धरती पर प्रभाव

– डॉ. सुमन शर्मा

रोहिणी नौतपा भारतीय पारंपरिक ज्योतिष और लोक मान्यताओं में ग्रीष्म ऋतु के सबसे अधिक गर्म दिनों को कहा जाता है। यह वह समय माना जाता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है और लगभग 9 दिनों तक अत्यधिक गर्मी पड़ती है। इसी कारण इसे नौतपा कहा जाता है — अर्थात नौ दिनों की तीव्र तपन। सूर्य देव हर साल 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। इस के साथ ही ज्येष्ठ महीने के सबसे गर्म 9 दिनों, नौतपा की शुरुआत होती है। भारतीय परंपरा में महत्व एवं लोक मान्यता के अनुसार नौतपा के दौरान अच्छी गर्मी पड़ना मानसून के लिए शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि यदि इन दिनों पर्याप्त गर्मी हो, तो वर्षा अच्छी होती है, किसान इसे खेती और वर्षा चक्र से जोड़कर देखते हैं। यह वैज्ञानिक नियम नहीं है, लेकिन लंबे अनुभवों के मौसम ज्ञान पर आधारित है। ज्योतिष और लोक-परंपराओं के अनुसार, नौतपा का न तपना भारी नुकसान का संकेत माना जाता है। यदि इन 9 दिनों में गर्मी नहीं पड़ती या बारिश हो जाती है, तो मानसून चक्र प्रभावित होता है, कीट-पतंगों की संख्या बढ़ जाती है और फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका रहती है। इन नौ दिनों में यदि बारिश हो जाय, तो कहते हे नौतपा गल गया। नौतपा में धरती पर तेज गर्मी अपने चरम पर होती है। आमतौर पर यह अवधि मई के अंत से जून की शुरुआत तक (25 मई से 2 जून ) मानी जाती है। इस दौरान तापमान तेजी से बढ़ता है, लू चलती है और दिन बेहद तपने वाले होते हैं। नौतपा के दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में स्थित होता है , सूर्य का उत्तरी गोलार्ध की ओर अधिक झुकाव होता है। इस अवधि में सूर्य की किरणें अधिक सीधी पड़ती हैं, भूमि अत्यधिक गर्म हो जाती है, लू चलती है, तापमान वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुँच सकता है। इस समय पृथ्वी अपनी धुरी पर ऐसे झुकी होती है कि सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध (विशेष रूप से भारत जैसे देशों में) पर बिल्कुल सीधी और लंबवत पड़ती हैं, जिससे इन 9 दिनों में पृथ्वी पर गर्मी अपने चरम पर होती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस अवधि (मई के अंत से जून की शुरुआत) के दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब या भूमध्य रेखा के सबसे करीब होता है। पृथ्वी का अपनी कक्षा में लगभग (23.5ट्ट) झुकाव होने के कारण, सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में बहुत कम दूरी तय करके सीधे सतह पर पहुंचती हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से पृथ्वी और सूर्य की स्थिति, वायुमंडलीय परिस्थितियों तथा गर्म हवाओं के कारण यह समय अत्यधिक गर्म होता है।



नवतपा के दौरान सावधानियाँ – दोपहर में धूप से बचें, पर्याप्त पानी पिएँ, हल्के सूती कपड़े पहनें, नींबू पानी आदि लें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के बढ़ते तापमान आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके पीछे अनेक वैज्ञानिक कारण कार्य कर रहे हैं। सरल शब्दों में समझें तो पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे मौसम के स्वरूप, वर्षा चक्र, समुद्र स्तर और प्राकृतिक संतुलन पर प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी में बढ़ते तापमान और भीषण लू (हीटवेव) के पीछे मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, और शहरों में पेड़ों की कटाई के कारण बढ़ता अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव है?बढ़ते तापमान और इसके लगातार विकराल रूप लेने के प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन , जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग और वनों की कटाई के कारण कार्बन डाइऑक्साइड (ष्टह्रद्ग2) और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें वायुमंडल में जमा हो रही हैं। ये गैसें सूर्य की गर्मी को सोख लेती हैं और उसे अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं, जिससे पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है?शहरी ऊष्मा द्वीप शहरों में कंक्रीट, डामर (कोलतार) वाली सड़कें और बहुमंजिला इमारतें दिन भर गर्मी को सोख लेती हैं और रात के समय उसे छोड़ती हैं। इसके अलावा, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक हरियाली खत्म हो गई है। वनों की कटाई पेड़ों के कटने से छाया और प्राकृतिक वाष्पीकरण की प्रक्रिया कम हो जाती है, जिससे आसपास के वातावरण में नमी घट जाती है और तापमान में उछाल आता है।मार्च-अप्रैल और मई के महीनों में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आती है। इनमें कमी आने और वायुमंडल में उच्च दबाव का क्षेत्र बनने से गर्म हवाएं नीचे की तरफ धकेली जाती हैं, जिससे भीषण लू की स्थिति बनती है। प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने से भी मौसम का चक्र प्रभावित होता है, जो भारत और अन्य क्षेत्रों में हवाओं के पैटर्न और मानसून को बदल देता है, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ जाता है। गर्मियों में बढ़ते तापमान के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, जैसे हीटस्ट्रोक से बचने के लिए हमेशा पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।बाहर निकलते समय सिर और चेहरे को सूती कपड़े से ढक कर रखें। ग्रीनहाउस प्रभाव ,पृथ्वी के वायुमंडल में कुछ गैसें ऐसी होती हैं जो सूर्य से आने वाली ऊष्मा को रोककर पृथ्वी को गर्म बनाए रखती हैं। इन्हें ग्रीनहाउस गैसें कहते हैं। मुख्य ग्रीनहाउस गैसें कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2), मीथेन नाइट्रस ऑक्साइड जलवाष्प, क्लोरोफ्लोरोकार्बन। इन गैसों की सामान्य मात्रा पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक है, लेकिन जब इनकी मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है, तब अधिक ऊष्मा वायुमंडल में फँस जाती है और पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगता है।

जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगिक क्रांति के बाद से मानव द्वारा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का अत्यधिक उपयोग किया जाने लगा।इनके जलने पर बड़ी मात्रा में सीओ-2 उत्पन्न होती है।वाहन, बिजली उत्पादन संयंत्र, उद्योग, एयर कंडीशनर और मशीनें आदि इसके मुख्य कारण है। रासायनिक अभिक्रिया इससे वायुमंडल में सीओ-2 की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। वनों की कटाई , पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण द्वारा सीओ-2 को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं।जब बड़े पैमाने पर जंगल काटे जाते हैं, सीओ-2 अवशोषण कम हो जाता है, वायुमंडल में कार्बन बढ़ता है, तापमान वृद्धि तेज होती है

औद्योगीकरण और प्रदूषण, कारखानों से निकलने वाला धुआँ, रसायन और गैसें वायुमंडल को प्रदूषित करती हैं। थर्मल पावर प्लांट, सीमेंट उद्योग, स्टील उद्योग, रासायनिक उद्योग, इनसे ग्रीनहाउस गैसों के साथ-साथ सूक्ष्म कण भी निकलते हैं, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं। वाहनों की बढ़ती संख्या, डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहन, सीओ-2, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन

# कॉकरोच जनता पार्टी-सोशल मीडिया की चमक या असल जनसमर्थन

– श्याम यादव

देश में इन दिनों काकरोच जनता पार्टी अचानक चर्चा के केंद्र में आ गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कम समय में मिली इसकी लोकप्रियता ने राजनीतिक गलियारों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वायरल वीडियो, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और व्यवस्था विरोधी भाषा ने इसे केवल इंटरनेट की हलचल भर नहीं रहने दिया, बल्कि एक गंभीर राजनीतिक संकेत में बदल दिया है।दिलचस्प बात यह है कि इस मंच के पास अभी न कोई स्पष्ट विचारधारा दिखाई देती है, न विस्तृत घोषणापत्र और न ही पारंपरिक राजनीति जैसा मजबूत ढांचा। इसके संस्थापक अभिजीत दीपके भी कोई स्थापित राजनीतिक चेहरा नहीं रहे हैं। इसके बावजूद जिस तेजी से युवाओं का समर्थन इस मंच की ओर बढ़ रहा है, वह कई सवाल खड़े करता है। क्या यह केवल सोशल मीडिया का क्षणिक उत्साह है या फिर युवाओं के भीतर बढ़ती नाराजगी का संकेत?

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में युवाओं के भीतर एक बेचैनी लगातार बढ़ी है। बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियां, बढ़ती महंगाई और अवसरों की कमी ने बड़ी संख्या में युवाओं को निराश किया है। छोटे शहरों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के बीच यह नाराजगी अधिक गहराई से महसूस की जा सकती है। पारंपरिक राजनीतिक दलों के लंबे वादों और सीमित परिणामों से भी एक वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस करता है।

ऐसे माहौल में जब कोई मंच युवाओं की भाषा में बात करता है, व्यवस्था पर तंज कसता है और उनके गुस्से को खुलकर अभिव्यक्ति देता है, तो उसका तेजी से लोकप्रिय होना स्वाभाविक है। काकरोच जनता पार्टी की लोकप्रियता को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। यह केवल एक राजनीतिक प्रयोग नहीं, बल्कि उस मानसिकता का प्रतिबिंब है जिसमें युवा अब स्थापित ढांचों से अलग कुछ नया तलाशना चाहता है।यही वजह है कि इस मंच की तुलना कई लोग उस दौर से भी कर रहे हैं जब अन्ना हजारे आंदोलन और बाद में अरविंद केजरीवाल की राजनीति ने युवाओं के भीतर अचानक ऊर्जा पैदा कर दी थी। उस समय भी सोशल मीडिया ने माहौल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी, लेकिन अंततः संगठन और जमीन पर सक्रियता ने ही उस आंदोलन को राजनीतिक ताकत में बदला।

हालांकि भारतीय राजनीति केवल डिजिटल लोकप्रियता से नहीं चलती। चुनावी राजनीति में आखिरकार वही दल टिकते हैं जिनके पास मजबूत संगठन, बूथ स्तर तक कार्यकर्ता और लगातार जनता के बीच मौजूद रहने की क्षमता होती है। देश में ऐसे कई उदाहरण रहे हैं जहां सोशल मीडिया पर भारी समर्थन दिखा, लेकिन वह समर्थन वोटों में तब्दील नहीं हो पाया। कारण साफ है—मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई देने वाला गुस्सा हमेशा मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचता। इसके बावजूद इस उभरती हुई प्रवृत्ति को हल्के में लेना भी ठीक नहीं होगा। क्योंकि यह लोकप्रियता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस असंतोष की है जो धीरे-धीरे युवाओं के भीतर जमा होता गया है। यदि यह असंतोष संगठित रूप लेता है और जमीनी नेटवर्क में बदलता है, तो आने वाले समय में यह पारंपरिक राजनीति के लिए चुनौती बन सकता है।फिलहाल इतना जरूर कहा जा सकता है कि काकरोच जनता पार्टी ने देश की राजनीति के सामने एक आईना रख दिया है। यह आईना बता रहा है कि युवा केवल भाषण नहीं, बल्कि अपनी समस्याओं पर सीधी और ईमानदार बातचीत चाहता है। अब देखना यह होगा कि यह लहर सोशल मीडिया की सीमाओं में सिमट कर रह जाती है या सचमुच राजनीतिक जमीन पर कोई नया अध्याय लिखती है।

**मौजूदा हालात पर नजर – घायत संविधान: म्रणासन्न प्रजातंत्र....?**

हमें आजादी हासिल किए करीब आठ दशक होने को आए, किंतु आज भी हमारे सामने यही सवाल दीर्घाकार में खड़ा है कि क्या हम वास्तव में स्वतंत्र है या अंग्रेजों ने जिन्के हाथों में सत्ता सौंपी उनमें कुछ कमी है, यह सब मैं अपने दिल की नही देश के दिल की बात कह रहा हूं, क्योंकि जिनको यह सब कहना चाहिए वे तो अपने 'मन की बात' उजागर करने में व्यस्त है?

मैंने भी अन्य बुजुर्ग भारतीयों की तरह अंग्रेजों का राज देखा है, मैंने कई बार अंग्रेजों के राज से आज के राज की तुलना करने की भी कौशिशें की, किंतु मुझे अस्सी साल पहले आज की स्थिति-परिस्थिति में कोई विशेष अंतर नजर नही आया, पहले विदेशी शासक थे और अब उसी मानसिकता वाले हमारे कथित अपने देसी शासक, दोनों ही शासकों की शासन कार्यप्रणाली में कोई विशेष अंतर मुझे नजरर नही आ पाया। अंतर सिर्फ इतना जरूर है कि हम पहले हमारे विदेशी शासकों के खिलाफ आवाज उठाते थे और अब मजबूरी में मौन साधना पड़ता है। आज मैं ये विचार अपने ही दिल-दिमाग से प्रस्तुत नही कर रहा हूॅ बल्कि करीब तीन सप्ताह पूर्व जनता के विभिन्न वर्गों से हुई चर्चा के बाद बयान कर रहा हूॅ, अब तो एक ही पुरातन कहावत दोहराने का मन करता है कि- ''अपना ही सिक्का खोटा है तो किसे दोष दे'' और अब वह सिक्का चलन से बाहर के मार्ग की ओर अग्रसर है, अर्थात् आज हम हमारे अपने भविष्य के बारे में कुछ भी कहने की स्थिति में नही है सिर्फ और सिर्फ राजनैतिक स्वेच्छाचारिता ही हर कही हावी है और उसी के साए में लोग अपना जीवन यापन करने को मजबूर है, आशा है कि किरण इस घटाटोप अंधकार में कहीं भी नजर नही आ रही है, मतलब यह कि अब ''मजबूरी का नाम महात्मा गांधी नही बल्कि राजनीतिक भ्रष्टाचार और स्वेच्छाचारिता हो गया है'', अब फिलहाल यह कहना तो मुश्किल है कि जनता के ''सब्र का यह परीक्षा काल'' कब तक चलेगा?यह भी फिलहाल कहना मुश्किल है, क्योंकि पिछले आठ दशकों में हमारे राजनेता सब्र के इस बांध का कई बार परीक्षण कर देख चुके है, आज स्थिति यह है कि देश की जनता को उनकी अपनी पारिवारिक समस्याओं में मंहगाई तथा अन्य माध्यमों से इतना उलझा दिया गया है कि देशवासियों को अपने आस-पास देखने की फुर्सत नही मिला पा रही है, लेकिन यह दुरावस्था अधिक दिन चलने वाली नही है।

# बूढ़ा बच्चा और जवान सभी के लिए साइकिल है मजेदार

– संजय गोस्वामी

साइकिल एक ऐसा दुपहिया है जिस स्त्री हो या पुरुष बच्चा, जवान या बुढा व्यक्ति सभी चला सकते है। हर साल पुरे विश्व में 3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है। यूनाइटेड नेशंस इसकी शुरुआत 2018 से की थी। आजकल की साइकिल में आपको लाइट, गियर और मोटे व बड़े टायरो की सुविधा भी मिल जाती है जो इसे पहले की साइकिल से अधिक बेहतर बनाती है। साइकिल मेरा सबसे पसंदीदा वाहन है। यह मुझे दोस्तों से मिलने और पार्क में खेलने के लिए मदद करती है। मेरी साइकिल लाल रंग की है और इसमें तीन गियर हैं, जिससे चलाना आसान होता है।साइकिल चलाना न केवल मजेदार होता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इससे शरीर मजबूत होता है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। मैं रोज सुबह साइकिल चलाकर अपने दिन की शुरुआत करता हूँ।मेरी साइकिल की देखभाल मैं खुद करता हूँ। मैं समय-समय पर उसकी हवा चेक करता हूँ और उसे साफ रखता हूँ। मेरी साइकिल मेरे लिए सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि मेरे बचपन की यादों का हिस्सा भी है। पैडल साइकिल के पायनियर मैन्युफैक्चरर के तौर पर मिचौक्स की भूमिका ओलिवियर भाइयों, रेने और ऐमे के साथ जुड़ी हुई है। 1865 में इन दो अमीर नौजवानों ने पेरिस से मार्सिले तक 800 द्वद्व (500 मील) से ज़्यादा वेलोसिपेड चलाईं, और नए खेल के लिए उनके बाद के जोश ने इसे युवा, फिट और अमीर लोगों के लिए दुनिया भर में क्रेज़ बनने में मदद की। भाइयों ने मिचौक्स में 69 परसेंट इक्विटी के लिए 50,000 फ़्रैंक दिए, जो बाद में एक बहुत बड़ी फैक्ट्री में चला गया। पहले मॉडल में सर्पिन के आकार का लचीला लोहे का फ्रेम था। इसके तुरंत बाद फर्म ने रॉट आयरन से बने डायगोनल फ्रेम पर स्विच किया, जो जल्द ही इंडस्ट्री का स्टैंडर्ड बन गया। पेरिस एक्सपोज़िशन के साल 1867 में सीरियस प्रोडक्शन शुरू हुआ। कई विज़िटर्स ने सड़कों पर वेलोसिपेड देखे; पॉपुलैरिटी फैली; और बनाने वालों की संख्या कई गुना बढ़ गई।



1868 की पतझड़ तक, नया वेलोसिपेड पूरे फ्रांस में एक जाना-पहचाना नज़ारा बन गया था, और काफ़ी ज़्यादा कीमतों के बावजूद बिक्री नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई। 1869 में ओलिवियर्स ने मिचौक्स एट सी का पूरा कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया और नाम बदलकर कॉम्पैनी पेरिसिएन डेस वेलोसिपेड्स कर दिया। प्रोडक्शन हर महीने लगभग 200 वेलोसिपेड तक पहुंच गया। उस समय तक 100 से ज़्यादा फ्रेंच कंपनियां वेलोसिपेड बना रही थीं। 1869 में बॉल बेयरिंग और टेंशन-स्पोक वाले पहियों का आविष्कार हुआ, और फ्रीव्हील (जो कोस्टिंग की इजाज़त देता है) का पेटेंट कराया गया। लकड़ी के स्पोक वाले पहियों और लोहे के रिम की हार्ड राइड की वजह से शुरुआती वेलोसिपेड को बोनशेकर का नाम मिला, लेकिन ठोस रबर के टायर और तार के स्पोक वाले पहियों ने राइड को आसान बनाने में मदद की। 1870 में, जैसे ही बोनशेकर ऑर्डिनरी नाम की एक प्रैक्टिकल साइकिल बन रही थी, फ्रैंको-जर्मन युद्ध ने फ्रेंच इंडस्ट्री को पीछे धकेल दिया। साइकिल मैन्युफैक्चरिंग बच गई, लेकिन इसके बाद के ज़्यादातर डेवलपमेंट ब्रिटेन में हुए। पिछले पहिये को बहुत छोटे फार्थिंग (क्वार्टर-पेनी) से जोड़ा जाता था। ऑर्डिनरी का वज़न आम तौर पर लगभग 40 पाउंड (18 द्व्द्द) होता था, लेकिन ट्रैक-रेसिंग मॉडल का वज़न 16 पाउंड (7 द्व्द्द) जितना कम हो सकता था। शुरुआती सुरक्षा साइकिलों में ठोस रबर के टायर होते थे। 1888 में बेलफ़ास्ट में रहने वाले स्कॉटिश जानवरों के डॉक्टर जॉन बॉयड डनलप ने न्यूमेटिक टायर इंट्रोड्यूस किए। इनसे रोलिंग रेज़िस्टेंस बहुत कम होने के साथ ज़्यादा आरामदायक राइड मिलती थी। 1893 तक लगभग सभी नई साइकिलों में न्यूमेटिक टायर थे, जिससे उनकी पॉपुलैरिटी बहुत बढ़ गई। न्यूमेटिक टायर और टेंशन-स्पोक वाले पहिये ने क्रैंक और पैडल जितना ही काम किया, जिससे साइकिल घोड़े के एक बड़े विकल्प के तौर पर स्थापित हुई। 1890 के दशक में डायमंड-पैटर्न फ्रेम, न्यूमेटिक टायर, चेन ड्राइव और ब्रेक वाली प्रैक्टिकल साइकिलों का बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन हुआ। 1890 के दशक के आखिर तक ज़्यादातर साइकिलों का वज़न सिर्फ़ 25 से 35 पाउंड (11 से 16 द्व्द्द) था। स्टैंडर्ड डिज़ाइन ने ब्रिटेन, यूनाइटेड स्टेट्स और यूरोप में साइकिल की धूम मचा दी और सैकड़ों बनाने वाले बन गए। 1895 में ब्रिटेन में 800,000 से ज़्यादा साइकिलें बनीं। 1899 में यूनाइटेड स्टेट्स में 1.1 मिलियन से ज़्यादा साइकिलें बनीं। बहुत सारी महिलाओं ने साइकिल चलाना शुरू किया, और मार्केट बहुत बढ़ गया; साइकिल चलाना महिलाओं के आंदोलन की निशानी बन गया। लेकिन यह बूम जल्दी ही खत्म हो गया, और साइकिल की बिक्री बहुत कम हो गई, जिसके कारण कई बैंकरप्सी हुईं और साइकिल की कीमतें बहुत कम हो गईं। साइकिल बूम के खत्म होने का गलत दोष ऑटोमोबाइल को दिया जाता है, लेकिन ज़्यादा मुमकिन वजह स्ट्रीटकार जैसे शुरुआती मास ट्रांज़िट सिस्टम की तेज़ी से बढ़ोतरी थी, जिसने साइकिल से यात्रा करने का एक अच्छा विकल्प दिया—खासकर खराब मौसम में। आज की साइकिल 1900 के बाद मटीरियल, फ्रेम डिज़ाइन और पार्ट्स में बहुत सारे सुधार किए गए, 1913 तक स्टर्मी-आर्चर कंपनी हर साल 100,000 तीन-स्पीड हब गियर बना रही थी। फ्रेंच साइकिल चलाने वालों ने कई तरह के मल्टीपल-स्पीड मैकेनिज्म के साथ एक्सपेरिमेंट किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने दी उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली 3 जून (निस) निहाल विहार थाना पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के एक बेहद गंभीर मामले में त्वरित जांच और प्रभावी पैरवी के जरिए आरोपित को उम्रकैद की सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। तीस हजारी कोर्ट ने दोषी को उसके शेष प्राकृतिक जीवन तक कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए पीड़िता के लिए 16.5 लाख रुपये के मुआवजे को भी मंजूरी दी है। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज होने के 34 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी। कोर्ट ने भी तत्परता दिखाई और आठ दिनों में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपित को दोषी करार देते हुए उसे सजा सुना दी।

## दिल्ली में कश्मीरी विस्थापितों को मिलेगी सहायता राशि

नई दिल्ली 3 जून (निस) राजधानी में रहने वाले जम्मू कश्मीर के विस्थापित परिवारों को सहायता राशि देने के लिए आय की सीमा की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इससे दिल्ली सरकार में पंजीकृत लगभग 1832 विस्थापित परिवारों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ने जम्मू कश्मीर के विस्थापित परिवारों को दी जाने वाली मासिक सहायता राशि से संबंधित कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि एक परिवार में अधिकतम चार सदस्यों को इसका लाभ देने का प्रावधान है। इन परिवारों को एक अप्रैल तक के अपने सदस्यों की जानकारी और उनके आधार विवरण को अपडेट करने का मौका मिलेगा। किसी लाभार्थी को पहले किसी कारण अधिक सहायता राशि मिली होगी तो वह पैसा उनसे वापस नहीं लिया जाएगा। इस पूरी पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी रिकॉर्ड की गलतियों को सुधारना है।

## सीएम रेखा गुप्ता और थुरिंगिया के मारियो वोइग्ट ने 5 क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

नई दिल्ली 3 जून (निस) दिल्ली सचिवालय में सोमवार को भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जर्मनी के थुरिंगिया राज्य के मिनिस्टर-प्रेसिडेंट (मुख्यमंत्री) मारियो वोइग्ट और उनके साथ आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच दिल्ली और थुरिंगिया के बीच तकनीकी साझाकरण, सतत विकास और युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक बेहद सार्थक और दूरगामी चर्चा हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दिल्ली और जर्मन प्रतिनिधिमंडल के बीच मुख्य रूप से पांच रणनीतिक क्षेत्रों में आपसी सहयोग और तकनीक के आदान-प्रदान को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई है।

## दिल्ली के किसानों को बड़ी राहत, फसल नुकसान पर अब मिलेगा 75000 प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा

नई दिल्ली 3 जून (निस) आपदा से फसल को नुकसान होने पर अब दिल्ली के किसानों को पहले से अधिक क्षतिपूर्ति राशि मिलेगी। दिल्ली सरकार ने पिछले वर्ष मानसून के दौरान हुई अधिक वर्षा और जलभराव से जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई थी, उन्हें 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से क्षतिपूर्ति देने की स्वीकृति दी है। इससे दिल्ली के लगभग 10 हजार किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान भारी वर्षा और खेतों में जलभराव के कारण 10,977.44 एकड़ (लगभग 4,442.41 हेक्टेयर) कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार द्वारा वर्षा से फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को 49,421 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से क्षतिपूर्ति निर्धारित की गई थी।

## वेदांता ग्रुप के कई ठिकानों पर ईडी ने की ताबड़तोड़ छापेमारी, फेमा नियमों के उल्लंघन का आरोप

नई दिल्ली 3 जून (निस) दिग्गज कारोबारी अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता ग्रुप के कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ताबड़तोड़ छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों को लेकर की जा रही है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद से कॉर्पोरेट जगत में हड़कंप मच गया है, हालांकि अभी तक कंपनी की तरफ से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान या जवाब सामने नहीं आया है। दरअसल, ईडी फेमा के तहत एक्शन तब लेता है जब किसी कंपनी या व्यक्ति द्वारा विदेशी मुद्रा के लेन-देन में नियमों के उल्लंघन का संदेह होता है। इसमें मुख्य रूप से अवैध रूप से विदेशों में धन हस्तांतरण (हवाला), विदेश में अवैध संपत्ति अर्जित करना या विदेशी निवेश से जुड़े सरकारी नियमों का पालन न करना शामिल होता है। फेमा अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ही भारत में विदेशी मुद्रा के लेन-देन को विनियमित और व्यवस्थित करना है। चूंकि वेदांता ग्रुप का बिजनेस दुनिया के कई अन्य देशों में भी फैला है, इसलिए विदेशी लेन-देन से जुड़े नियमों को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब वेदांता ग्रुप केंद्रीय जांच एजेंसियों के रडार पर आया है। इससे पहले साल 2004 में भी यह समूह विदेशी मुद्रा मामलों में नियामक जांच के दायरे में आ चुका है। उस समय जांच एजेंसी ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज और उसके तीन प्रमोटर निदेशकों को फेरा और फेमा के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया था, जिसके बाद कंपनी और निदेशकों पर भारी जुर्माना लगाया गया था। वेदांता भारत की एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जो मुख्य रूप से एल्युमिनियम उत्पादन के लिए जानी जाती है।

## जन्म प्रमाणपत्र का झांसा देकर जीटीबी अस्पताल से छह माह के बच्चे का अपहरण

नई दिल्ली 3 जून (निस) जीटीबी अस्पताल में रविवार को दिनदहाड़े एक महिला ने छह माह के बच्चे का अपहरण कर लिया। अपहरण करने वाली महिला सीलमपुर थाना क्षेत्र से बच्चे व उसके अभिभावकों को जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का झांसा देकर अस्पताल लेकर आई थी। स्वजन को फार्म भरने में उलझाकर आरोपित महिला बच्चे को लेकर फरार हो गई। बच्चे के पिता की शिकायत पर जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है। इस वारदात ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं। वर्ष 2022 में भी जीटीबी अस्पताल में भर्ती एक महिला के प्रसव के एक घंटे बाद ही बच्चा लेबर रूम से चोरी हो गया था। वह मिला ही नहीं।

# ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला-रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और बेटा समर्थ सिंह न्यायिक हिरासत में भेजे गये जेल

भोपाल 3 जून (निस) बहुचर्चित और हाईप्रोफाइल ट्विशा शर्मा दहेज हत्या के मामले में सीबीआई ने पाँच दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह और सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को सीजेएम कोर्ट में पेश किया जहाँ से दोनो को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सीबीआई ने दोनों आरोपियों को दोबारा पुलिस रिमांड पर लेने की मांग नहीं की, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 16 जून तक भोपाल सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया। दोनों को अन्य कैदियों से अलग रखा जाएगा। कोर्ट रूम के अंदर दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस हुई। सुनवाई के दौरान गिरिबाला ने आरोप लगाया कि ट्विशा के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने जबलपुर कोर्ट में उनके बेटे समर्थ के साथ मारपीट की। इस पर अनुराग श्रीवास्तव ने जवाब देते हुए कहा कि जबलपुर कोर्ट में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अगर ऐसा हुआ है तो कोर्ट की फुटेज निकलवा कर जांच कर ली जाए। वहीं पीड़ित के वकली ने यह भी कहा कि समर्थ को बताना चाहिए कि वह जबलपुर कोर्ट में कहां छिपे थे। उन्होंने कहा कि कोर्ट भी इस सवाल का जवाब देगा। मामले की जांच के दौरान आरोपी समर्थ और उसकी मां, पूर्व जज गिरिबाला सिंह ने अपने ऊपर लगे मारपीट और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपों को खारिज किया है। दोनों का कहना है कि ट्विशा के साथ उनके संबंध सामान्य थे। सीबीआई दोनों के बयानों का उपलब्ध सबूतों से मिलान कर रही है। सोमवार दोपहर पूरे घटनाक्रम का रीक्रिएशन भी कराया गया। जब्त सबूतों की जांच जारी है।

**- लापरवाही बरतने वाले एसआई को भी तलब करेगी सीबीआई**

जांच के दौरान एक गंभीर लापरवाही सामने आई है। जिस लिगेचर बेल्ट के सहारे ट्विशा फंदे पर लटकी मिली थीं, उसे घटना के बाद नियमानुसार सुरक्षित नहीं किया गया। जांच में पता चला है कि घटनास्थल से बरामद लिगेचर बेल्ट को फोरेंसिक प्रक्रिया के तहत तुरंत जमा कराने के बजाय जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा करीब दो दिन तक अपनी कार में रखे रहे। बाद में सवाल उठने पर इसे फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) भेजा गया। पोस्टमार्टम के दौरान भी यह बेल्ट एम्स अस्पताल में जमा नहीं कराई गई थी। अधिकारियों ने अब तक दिनेश शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है, लेकिन सीबीआई उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

**- जरूरत पड़ी तो सीबीआई फिर ले सकती है रिमांड पर**

पीड़ित पक्ष के वकील अनुराग श्रीवास्तव के मुताबिक सीबीआई ने अदालत को बताया है, कि कई अहम गवाहों के बयान अभी दर्ज होना बाकी हैं, और जब्त डिजिटल डिवाइसों की फोरेंसिक जांच चल रही है। रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे पूछताछ की जरूरत पड़ने पर एजेंसी दोबारा पुलिस रिमांड मांग सकती है।

# काम नहीं तो वेतन नहीं: दोषमुक्त होने के बावजूद बकाया सैलरी पर अधिकार नहीं, हाईकोर्ट का फैसला

बिलासपुर 3 जून (निस) छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों की बर्खास्तगी और बहाली से जुड़े एक मामले में अत्यंत महत्वपूर्ण कानूनी व्यवस्था दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवीन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कर्मचारी को आपराधिक मामले में सजा (दोषसिद्धि) के आधार पर नौकरी से बर्खास्त किया गया है, तो बाद में उच्च न्यायालय से दोषमुक्त होने मात्र से वह पिछले वेतन का हकदार नहीं हो जाता। अदालत ने इस मामले में 'नो वर्क नो पे' (काम नहीं तो वेतन नहीं) के सिद्धांत को सर्वोपरि माना है।

यह पूरा मामला बिजली कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी से जुड़ा है, जिसे सहायक श्रेणी-1 (सिविल) से पदोन्नत कर पर्यवेक्षक बनाया गया था। सेवा के दौरान उस पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ और विशेष अदालत ने उसे दोषी करार दिया। इस दोषसिद्धि के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया था। कर्मचारी ने इस सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की।

लंबी कानूनी प्रक्रिया के दौरान याचिकाकर्ता अपनी सेवानिवृत्ति की आयु भी पूरी कर चुका था। अंततः, हाई कोर्ट ने विशेष अदालत के फैसले को पलटते हुए उसे आरोपों से बरी कर दिया।

दोषमुक्त होने के बाद राज्य शासन ने उसे काल्पनिक रूप से सेवा में बहाल तो मान लिया, लेकिन बर्खास्तगी से लेकर रिटायरमेंट तक की अवधि का वेतन और अन्य भत्ते देने से साफ इनकार कर दिया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ कर्मचारी ने पहले सिंगल बेंच में याचिका लगाई, जो खारिज हो गई। इसके बाद पुनर्विचार याचिका (रिव्यू पिटिशन) भी खारिज कर दी गई। अंत में मामला डिवीजन बेंच तक पहुंचा, जहां याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि 'प्रतिकर के सिद्धांत' के तहत उसे इसी स्थिति में रखा जाना चाहिए, जैसे वह सजा न होने पर होता।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डिवीजन बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि जिस समय कर्मचारी को बर्खास्त किया गया था, उस समय उसकी दोषसिद्धि प्रभावी और कानूनी रूप से वैध थी। इसलिए, बाद में अपील में बरी हो जाने से पिछले कानूनी परिणाम स्वतः शून्य नहीं हो जाते। कोर्ट ने क? शब्दों में कहा कि बर्खास्तगी के आदेश के साथ ही नियोक्ता और कर्मचारी का संबंध तकनीकी रूप से समाप्त हो गया था। डिवीजन बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही कर्मचारी को मेरिट (गुण-दोष) के आधार पर बरी किया गया हो, लेकिन चूंकि उस विशेष अवधि में उसने कोई सेवा प्रदान नहीं की थी, इसलिए वह बकाया वेतन का दावा एक अधिकार के रूप में नहीं कर सकता।

**आईटीआई पचपेड़ी में प्रवेश हेतु आवेदन 15 जून तक**-बिलासपुर. शासकीय आईटीआई पचपेड़ी (मस्तूरी) में सत्र अगस्त 2026 के लिए, एनसीव्हीटी व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल, फिटर एवं विद्युतकार तथा एससीव्हीटी व्यवसाय सोलर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिकल) में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून 2026 की रात्रि 11. 59 बजे तक वेबसाइट cgiti.admissiaaens.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# गोरखपुर के तस्कर फिरोजाबाद में गिरफ्तार, हरियाणा मार्का शराब की बिहार में करते थे बिक्री

फिरोजाबाद 3 जून (निस) जिले की थाना दक्षिण पुलिस टीम ने गैर प्रान्त की अवैध शराब तस्करी करते हुए 2 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अर्चित पुत्र अरविन्द सिंह निवासी मकान नं0 108ञ रामनगर कालोनी थाना गोरखनाथ जिला गोरखपुर और आशुतोष पुत्र प्रमोद कुमार निवासी मकान नं0 283 जटेपुल रेलवे कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्विफ्ट डिजायर कार संख्या क्ष50 क्क4149 को रोककर तलाशी ली तो उसमें से 120 बोतल, 336 हाफ व 48 क्वाटर हरियाणा ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये है। कार से 2 अवैध तमंचे .315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर और 4 एटीएम/क्रेडिट कार्ड भी मिले हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे बेरोजगार थे और हरियाणा से शराब लाकर बिहार में बेचने का काम करते थे। इसके लिए उन्होंने अरविन्द कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी बिलथरा रोड बलिया से कार किराए पर ली थी। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पहले भी 2-4 बार हरियाणा से शराब लाकर बिहार में बेच चुके हैं। सुरक्षा के लिए तमंचा रखते थे। थाना दक्षिण पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। दोनों को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई एसएसपी आदित्य लांग्हे, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में अवैध शराब तस्करी एवं अवैध असलाह की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

# मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती, जर्जर ट्रांसफार्मर बना खतरा

बिलासपुर 3 जून (निस) शहर में बिजली विभाग के मेंटेनेंस कार्यों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का आरोप है कि विभाग मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना चार से पांच बार बिजली आपूर्ति बंद कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। जर्जर ट्रांसफार्मर, लटकते तार और अव्यवस्थित विद्युत संरचना आज भी लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। शहर के कुदुदण्ड स्थित चांदनी चौक में लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रांसफार्मर के आसपास तारों का जाल फैला हुआ है और कई जगह बिजली के तार नाली के पानी तक पहुंच जाते हैं। इससे हादसे की आशंका लगातार बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पहले भी करंट की चपेट में आने से एक पशु की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**-मोहल्लेवासियों ने बताया कि 10 फरवरी को नेहरू नगर स्थित बिजली वितरण कंपनी के कार्यालय में लिखित शिकायत देकर ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की थी। विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन लगभग तीन महीने बीत जाने के बाद भी न तो ट्रांसफार्मर शिफ्ट किया गया और न ही मौके का निरीक्षण किया गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के बाद ट्रांसफार्मर सड़क के बेहद करीब आ गया है। जिस पोल पर ट्रांसफार्मर स्थापित है, उसका निचला हिस्सा नाली के किनारे स्थित है। ऐसे में तेज आंधी-तूफान के दौरान किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को किया प्रेरित, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत खजुरी में 'खेती बचाओ अभियान' आयोजित

बिलासपुर 3 जून (निस) राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खजुरी में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कृषि संभाग बिलासपुर के संयुक्त संचालक आर.के. राठौर ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है, मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है तथा पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने किसानों को नील हरित काई (बीजीए) के उत्पादन एवं उपयोग का प्रशिक्षण दिया और 10 पैकेट निःशुल्क वितरित किए। कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गीत शर्मा ने जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, आच्छादन और वाफसा जैसी प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी देते हुए इनके वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डाला। वहीं विषय वस्तु विशेषज्ञ एकता ताम्रकार ने किसानों को नीमास्त्र निर्माण और उसके उपयोग की विधि विस्तार से समझाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपसंचालक कृषि पी.डी. हथेश्वर ने कहा कि 'खेती बचाओ अभियान' का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने तथा रासायनिक आदानों की खपत कम करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से खेती की लागत घटने के साथ-साथ भूमि की उत्पादकता भी लंबे समय तक बनी रहती है। कार्यक्रम के दौरान किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें प्राकृतिक खेती के विभिन्न मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## दिल्ली के मुकुंदपुर में सिलेंडर फटने से ढहा मकान, मलबे से सुरक्षित निकाले गए छह लोग

नई दिल्ली 3 जून (निस) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भलस्वा डेरी के पास मुकुंदपुर इलाके से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहाँ के इशु विहार की गली नंबर 1 में सुबह अचानक एक एलपीजी सिलेंडर फट गया, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना भीषण था कि लगभग 250 वर्ग गज में बना एक मंजिला मकान ताश के पत्तों की तरह ढह गया। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की पाँच गाड़ियाँ तुरंत मौके पर पहुँचीं। आपातकालीन और बचाव टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से फौरन सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। राहत की बात यह रही कि अब तक मलबे के नीचे से दो महिलाओं सहित कुल छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

## दिल्ली में प्रॉपर्टी रजिस्ट्री को लेकर सख्त हुए नियम

नई दिल्ली 3 जून (निस) विभाग ने यह भी कहा कि संबंधित लोगों को दस्तावेज को संशोधित और ठीक करने का अवसर दिया जाएगा, ताकि सर्कल रेट के अनुसार संपत्ति का सही मूल्यांकन दिखाया जा सके और यदि कोई स्टाम्प ड्यूटी कम पड़ रही हो, तो उसका भुगतान किया जा सके। देश के कई अन्य जगहों की तरह दिल्ली में भी अधिकतर संपत्तियों की कीमतें करके बताई जाती हैं ताकि कम स्टाम्प ड्यूटी लगे, लेकिन राजधानी में सरकार ने इन कोशिशों पर नकेल कसने की शुरुआत कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि प्रॉपर्टी के कम मूल्यांकन को रोकने और यह पक्का करने के लिए कि सरकार को सही मात्रा में स्टाम्प ड्यूटी मिले, राजस्व विभाग ने सभी सब-रजिस्ट्रार्स और जाइंट सब-रजिस्ट्रार्स को निर्देश दिया है कि वे प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की बारीकी से जांच करें। अगर किसी की घोषित प्रॉपर्टी की कीमत सर्कल रेट से कम बताई गई है, तो कम पड़ी रकम वसूलने के लिए भी कार्रवाई की जाए। खासकर उन मामलों में जहां रिहायशी इलाकों में बेसमेंट भी शामिल हैं। सर्कल रेट वह न्यूनतम कीमत होती है जिसे राज्य सरकार तय करती है, और इससे कम कीमत पर कोई प्रॉपर्टी खरीदी या बेची नहीं जा सकती। जबकि स्टाम्प ड्यूटी संपत्ति को रजिस्टर करने के लिए लगाई जाती है, जैसे कि 2 या 2 से अधिक पक्षों के बीच किसी तरह का समझौता या लेन-देन का दस्तावेज, जिसे रजिस्ट्रार के पास रजिस्टर कराया जाता है। डिविजनल कमिश्नर के ऑफिस की ओर से जारी सर्कुलर में, इंडियन स्टाम्प एक्ट, 1899 की धारा 47-ए के तहत अपनाई जाने वाली प्रक्रिया बताई गई है; यह उन मामलों पर लागू होती है जहां प्रॉपर्टी का मूल्यांकन कम किया गया लगता है।

## दिल्ली के मुकुंदपुर में सिलेंडर रिफिलिंग के समय ब्लास्ट से भरभराकर गिरा मकान

नई दिल्ली 3 जून (निस)भलस्वा डेरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर के ईशु विहार की गली नंबर-एक में मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे जोरदार धमाके के बाद एक इमारत ढह गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। मकान में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। एनडीआरएफ की टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए खोजी कुत्तों की भी मदद ली। जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 11 व्यक्ति घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हाल गंभीर बनी हुई है। हादसे के तुरंत बाद दमकल की टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों और पीसीआर की मदद से चार घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचा दिया गया था। फिलहाल, सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, 250 वर्ग गज के इस भूखंड में गैस सिलिंडर रीफिलिंग के अलावा पेंट और मोबाइल चार्जिंग वायर बनाने का काम भी होता था। लोगों का कहना है कि 5-6 साल से इस इमारत में व्यवसायिक गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस और दमकल विभाग के अनुसार, अभी तक तीन लोगों को मलबे से सकुशल निकाल लिया गया है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी मलबे में दबा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना गैस सिलिंडर ब्लास्ट के कारण हुई है। इस हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए हैं, वहीं, एक की हालत गंभीर होने के बाद उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

## यूपी कॉन्स्टेबल परीक्षा: कड़ी सुरक्षा में देंगे 42 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा

नई दिल्ली 3 जून (निस) यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 8, 9 और 10 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा में 42,048 अभ्यर्थी शामिल होंगे। 20 केंद्रों पर होने वाली इस परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा में बायोमेट्रिक सत्यापन, फेस मिलान और लाइव सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। अभ्यर्थियों को कलावा या मंगलसूत्र उतारने की आवश्यकता नहीं होगी। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी - पहली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक। नकल माफियाओं पर लगाम कसने के लिए सुरक्षा एजेंसियां हाईटेक हो चुकी हैं। स्मार्ट चश्मा, इलेक्ट्रॉनिक पेन जैसे छिपे हुए स्मार्ट गैजेट्स पर कड़ी नजर रखी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुसार, परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मचारी और शिक्षक भी केंद्र के भीतर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। अभ्यर्थियों को समय पर केंद्र पर पहुंचना होगा ताकि जांच प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके।

## दिल्ली के सरकारी भवनों में 500 नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएगा दिल्ली जल बोर्ड

नई दिल्ली 3 जून (निस) दिल्ली में मॉनसून से पहले भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने व्यापक वर्षा जल संचयन अभियान शुरू किया है। इसके लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए जल बोर्ड पहले चरण में सरकारी भवनों में 500 नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करेगा। साथ ही 1000 निष्क्रिय पड़ी प्रणालियों को पुनर्जीवित किया जाएगा। यह अभियान निगम, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, शिक्षा निदेशालय तथा अन्य सरकारी विभागों के भवनों में चलाया जाएगा। बता दें कि राजधानी में वर्ष 2001 से 100 वर्ग मीटर या उससे बड़े प्लॉटों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य है। इसके बाद हजारों संरचनाएं स्थापित भी की गईं, लेकिन पर्याप्त रखरखाव के अभाव में इनमें से कई में स्थापित ऐसी प्रणाली निष्क्रिय हो गई। वर्तमान में दिल्ली के 9,148 सरकारी भवनों में से लगभग 7,596 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम मौजूद हैं। जल बोर्ड ने अब इन सभी संरचनाओं को प्रभावी और कार्यशील बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है ताकि आगामी मॉनसून के दौरान वर्षा जल का अधिकतम संचयन और भूजल पुनर्भरण हो सके।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 5 जून से, बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन : डीसी

*– कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहें*




**करनाल, 3 जून ( परमजीत कौर ) :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य 5 जून से आरंभ किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, गंभीरता और समयबद्ध तरीके से पूरा करें ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित बनाई जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांवों, शहरी क्षेत्रों, पंचायतों, शिक्षण संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएं ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए नागरिक निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला भारत का कोई भी नागरिक छूटे ना, सभी अपना वोट जरूर बनवाये। बीएलओ एप के जाए अपने बीएलओ से फ़ोन कॉल भी बुक कर सकते हैं। कार्यक्रम के अनुसार 5 जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण किया जाएगा, जबकि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन का कार्य भी 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। बैठक में एसडीएम करनाल देवेंद्र शर्मा, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जेल लोक अदालत में 10 में से 9 मामलों का निपटारा, 9 मुलजिम आवश्यक शर्तों पर रिहा



**करनाल, 3 जून ( मीनाक्षी देवी ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी खुशबू गोयल के साथ बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने जेल लोक अदालत का आयोजन किया। जेल लोक अदालत में 10 मामले रखे गए जिनमें से 9 मामलों का निपटारा हुआ और 9 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। उन्होंने अभियान पर्यावरण सुरक्षा से नो टू प्लास्टिक के तहत जिला कारागार में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने मुलाकात हॉल में स्थापित हैल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित परिवारजनों से बातचीत की और उनकी समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने बताया कि बंदियों से मुलाकात करने वाले परिवारजनों के लिए जिला कारागार में हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है। हैल्प डेस्क पर पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल द्वारा मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी जाती है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा योग शिविर आयोजित



**हिसार, 3 जून ( ब्यूरो ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित किए जा रहे योग शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ धर्मपाल पुनिया के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में पीएमओ डॉ प्रभु दयाल तथा डॉ लता सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञ पूजा, आयुष योग सहायक कविता तथा पूनम ने प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इसके साथ ही योग के महत्व एवं नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। नियमित योगाभ्यास से अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचाव संभव है तथा व्यक्ति का समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने सभी उपस्थितजनों से योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

योग शिविर में नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। नर्सिंग स्कूल की प्राचार्या मुकेश ने इस आयोजन के लिए आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने योग को नियमित रूप से अपनाने का संकल्प भी लिया।

# सी.एम. विंडो पर आई शिकायतों का किया निवारण



**शाहाबाद मारकंडा, 3 जून ( रूबी ) :** स्थानीय विश्रामगृह में आयोजित बैठक में सी.एम.विंडो पर शिकायतों का ऐमिनेंट पर्सन एवं पूर्व न.पा. प्रधान बलदेवराज चावला, अरूण कंसल, सुरेन्द्र जैन, राजबीर ने निवारण किया। बलदेवराज चावला ने बताया कि बैठक में 10 शिकायतों का निवारण किया गया जिसमें 4 बी.डी.पी.ओ., 2 बी.ई.ओ. व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें थी।

एमिनेंट पर्सनों ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया।

बलदेवराज चावला ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई सी.एम. विंडो आम जनता के लिए बेहद लाभकारी योजना साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि पहले लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सी.एम. विंडो के माध्यम से शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो रहा है। चावला ने कहा कि सी.एम. विंडो ने प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को कम किया है तथा लोगों का सरकार पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

# सतलुज स्कूल की छात्राओं ने गर्ल्स जूनियर स्पीड हैंडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में जीते मैडल



**शाहाबाद मारकंडा, 3 जून ( रूबी ) :** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. रघुबीर सिंह घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के बागपत में दिनांक 29 मई 2026 से 1 जून 2026 तक आयोजित हुई गर्लस जूनियर स्पीड हैंडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में सतलुज स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल हासिल किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाते हुए विद्यालय की छात्राओं सृष्टि, लक्ष्मी, श्वेता, हरमन और नरगिस ने सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता पर डॉ. आर. एस. घुम्मन ने सभी विजेता छात्राओं और उनके हैंडबॉल कोच अर्पित को विशेष रूप से बधाई दी।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और कोच के कुशल मार्गदर्शन की बदौलत ही आज टीम राष्ट्रीय मंच पर इस मुकाम पर पहुँची है। विद्यालय प्रशासन भविष्य में भी खेल और खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार-जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण खेल के मैदान में आपका जज्बा और मेहनत होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सफलता स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और आने वाले समय में ये खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतकर देश भर में अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर चाँद, पायल, मीना, अंकुश, मोहसिन, उमेश आदि उपस्थित रहे।

# पानी के अवैध कनेक्शन पर की गई कार्रवाई



**यमुनानगर, 3 जून ( दिनेश कुमार ) :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता कँवर सन्नी सिंह ने गांव सारण, ऊँचा चांदना और तलापुर में विभिन्न जल कनेक्शनों पर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि विभागीय जांच में पाया कि कई स्थानों पर पेयजल कनेक्शनों का उपयोग खेती और खाली प्लॉटों में किया जा रहा था, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विभाग ने कुछ दिन पहले पंचायतों के माध्यम से लोगों को अवैध कनेक्शन स्वयं हटाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद कई लोगों ने अपने अवैध कनेक्शन बंद कर दिए थे। बुधवार को कनिष्ठ अभियंता वीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने अवैध कनेक्शन काट दिए। मौके पर उपमंडल अभियंता कँवर सन्नी सिंह ने लोगों से अपील की कि जनहित में पानी को व्यर्थ न बहाए, अवैध कनेक्शन की सूचना विभाग को दें। उन्होंने कहा कि पानी बचाओ जीवन बचाओ, अमल में लाया जाये।

# बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मारुति सुजुकी द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल, 3 जून ( सुमन लता ) :** बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से संस्थान के अनुदेशकों एवं अनुदेशिकाओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षकों को नवीनतम औद्योगिक तकनीकों, फायर सेफ्टी तथा ऑटोमोबाइल उद्योग की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक डॉ. रुमल राणा द्वारा फायर सेफ्टी, औद्योगिक सुरक्षा तथा आधुनिक ऑटोमोबाइल उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में संस्थान के सभी अनुदेशकों एवं अनुदेशिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उद्योग से संबंधित नवीन जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षक नवीनतम तकनीकों एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रख सकें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मारुति सुजुकी के सहयोग से संस्थान में एक अत्याधुनिक मारुति लैब स्थापित की जा रही है, जहां छात्र-छात्राओं को ऑटोमोबाइल उद्योग की प्रोडक्शन लाइन एवं आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए भविष्य में अनुदेशकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में बुधवार को संस्थान में रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न ट्रेडों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित कंपनियां हीरो मोटोकॉर्प तथा युनो मिंडा लिमिटेड संस्थान में पहुंचीं और योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। संस्थान भविष्य में भी उद्योगों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं रोजगारोन्मुख गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों को आधुनिक तकनीकों तथा उद्योग जगत की आवश्यकताओं से निरंतर परिचित कराया जा सके।

# बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**करनाल, 3 जून ( कादियान ) :** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि 4 जून को प्रात: 11 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल, विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय, सेक्टर-12 करनाल में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिजली संबंधी समस्याओं का स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है, वे फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**हिसार, 3 जून ( ब्यूरो ) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को आदमपुर पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय चौधरी भजनलाल के जन प्रेरणा स्थल (समाधि स्थल) पर पहुंचकर परिक्रमा की तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने समाधि स्थल परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# भाषा की मर्यादा में रहकर भी सफलता का शिखर छुआ जा सकता है



हाल ही में हरियाणा के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार बिंदर दनोदा को हरियाणा कलां परिषद का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। यह पद न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हरियाणा की लोक संस्कृति, कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। ऐसे समय में यह दायित्व बिंदर दनोदा जैसे व्यक्तित्व को सौंपा जाना अत्यंत प्रासंगिक और समय की मांग प्रतीत होता है।

पिछले कुछ समय से हरियाणवी संगीत को लेकर अनेक बहसें देखने को मिलीं। विशेष रूप से कुछ गीतों में अश्लीलता, आक्रमकता और अमर्यादित शब्दों के प्रयोग को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों ने चिंता व्यक्त की। कला और संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे समाज की सोच, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों के संस्कारों को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए किसी भी कलाकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह अपनी रचनात्मकता का उपयोग समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए करें।

यदि बिंदर दनोदा के कलात्मक सफर पर दृष्टि डालें तो उनकी सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उन्होंने लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए कभी भी मर्यादा का त्याग नहीं किया। उनके गीतों में हरियाणा के गांव, परिवार, रिश्ते, सामाजिक चुनौतियां, प्रेम और मानवीय संवेदनाओं का सहज एवं सुंदर चित्रण देखने को मिलता है। विशेष रूप से प्रेम गीतों में भी उन्होंने सदैव भाषा और भावों की गरिमा बनाए रखी है। उनके संगीत में लोक संस्कृति के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी स्पष्ट दिखाई देती है।

बिंदर दनोदा ने अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि सफलता प्राप्त करने के लिए अश्लीलता या सस्ती लोकप्रियता का सहारा लेना आवश्यक नहीं है। भाषा की मर्यादा, संस्कृति के प्रति सम्मान और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ भी व्यक्ति शिखर तक पहुंच सकता है। उनके जीवन और कलां की यात्रा युवा कलाकारों के लिए एक प्रेरणा है।

मेरा व्यक्तिगत मानना है कि व्यक्ति का आचरण और उसकी सोच अंतत: उसके कार्यों में प्रतिबिंबित होती है। बिंदर दनोदा ने जिस प्रकार अपनी कलां साधना को सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक मर्यादाओं से जोड़े रखा, उसी का परिणाम है कि आज उन्हें हरियाणा कलां परिषद अतिरिक्त निदेशक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति केवल एक कलाकार का सम्मान नहीं है, बल्कि उन मूल्यों का भी सम्मान है जो कला को समाज निर्माण का माध्यम मानते हैं। आशा है कि उनके नेतृत्व में हरियाणा की लोक कला, लोक संगीत और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा और नई पहचान मिलेगी।

**– डॉ. नवीन नैन भालसी**

# 5 से 7 जून तक तीन दिवसीय कार्यशाला होगी आयोजित : रेणू हुड्डा

*विलुप्त होती सांझी कला के संरक्षण के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन*

**कुरुक्षेत्र, 3 जून ( करणदीप सिंह ) :** सांस्कृतिक अधिकारी रेणू हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक लोक कला सांझी को पुनर्जीवित करने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा एक विशेष संरक्षण अभियान शुरू किया गया है। इसमें मंडल स्तर पर 5 जून से 7 जून तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर विभाग हरियाणा की प्रसिद्ध कला को न केवल संरक्षित कर रहा है, अपितु युवा वर्ग को प्राचीन संस्कृति से जोड़ने के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में विलुप्त हो रही इस प्राचीन लोक कला को बचाने के लिए विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित कुमार अग्रवाल तथा महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा-निर्देश में हरियाणा के समस्त मण्डलों में तीन-तीन दिन की सांझी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय महिलाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांझी तैयार करेंगी। सांझी केवल एक कला नहीं, बल्कि हरियाणा प्रदेश की लोक संस्कृति और ग्रामीण जीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस कला के माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सकेगी। शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली के कारण युवा पीढ़ी इस पारंपरिक कला से दूर होती जा रही है। जिसके कारण विभाग मण्डल स्तर पर महिलाओं और युवाओं को इस कला के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला आयोजित कर रहा है। इस निशुल्क कार्यशाला में सांझी सीखने की इच्छुक महिलाएं सांझी बनाने की कला के गुर सीख सकती है।

# पी.ओ. स्टाफ की टीम ने एक भगोड़े आरोपी को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 3 जून ( दिनेश कुमार ) :** जिला पुलिस द्वारा भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए पी.ओ. स्टाफ की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश कर दिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पी.ओ. स्टाफ के इंचार्ज निरीक्षक राजपाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एएसआई अश्विनी, मुख्य सिपाही संदीप, महावीर व महिला मुख्य सिपाही सरस्वती को शामिल किया गया। टीम ने संयुक्त प्रयास से एक भगोड़े आरोपी सागर पुत्र दीपक निवासी शांति कॉलोनी को गुप्त सूचना के आधार पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक आपराधिक मामले में संलिप्त था और न्यायालय में पेश न होने के कारण उन्हें माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। आरोपी सागर पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था, लेकिन टीम की सतर्कता और प्रयासों के चलते उन्हें दबोच लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस कार्य की सराहना की है और कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# कैंप पार्क में मेयर का औचक निरीक्षण, सफाई कर्मचारियों की जांची हाजिरी

*बिना वर्दी और आईकार्ड मिले सफाई कर्मचारी, मेयर ने दी सख्त हिदायत, सफाई व्यवस्था पर मेयर की पैनी नजर, कैंप पार्क पहुंचकर जांची हाजिरी*

**यमुनानगर, 3 जून ( दिनेश कुमार ) :** शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से मेयर सुमन बहमनी लगातार फील्ड में सक्रिय नजर आ रही हैं। इसी क्रम में बुधवार सुबह उन्होंने वार्ड नंबर-17 स्थित कैंप पार्क का औचक निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांची। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ कर्मचारियों की वर्दी, आईकार्ड और सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की। हाजिरी निरीक्षण के दौरान कुछ सफाई कर्मचारी बिना निर्धारित वर्दी और आईकार्ड के पाए गए। वहीं कुछ कर्मचारियों के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। इस पर मेयर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और सफाई दरोगाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर निगम की व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार ही कार्य करना चाहिए। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मचारी प्रतिदिन पूरी वर्दी और पहचान पत्र के साथ ड्यूटी



पर उपस्थित हों। इसके अलावा सफाई कार्य के दौरान दस्ताने, मास्क, बूट और अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को अपनी जान जोखिम में डालकर काम नहीं करना चाहिए। कर्मचारियों की सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कैंप पार्क की साफ-सफाई, हरियाली और रखरखाव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में मौजूद विभिन्न सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को पार्क को और अधिक सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्कों का संरक्षण और रखरखाव शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए भी जरूरी है। मेयर ने अधिकारियों से पार्क में नियमित सफाई, पौधों की देखभाल, घास की कटाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के सभी पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और जहां भी किसी प्रकार की कमी मिलेगी, उसे तुरंत दूर कराया जाएगा। मेयर ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए नगर निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है तथा सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आवारा पशुओं या कुत्तों के काटने से हुई आकस्मिक मृत्यु या स्थायी विकलांगता होने पर दयालु-2 योजना के तहत दी जा रही है आर्थिक सहायता : नेहा सिंह

**सोनीपत, 3 जून ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण या कुत्तों के काटने से हुई आकस्मिक मृत्यु या स्थायी विकलांगता होने पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा (दयालु-2) योजना की शुरूआत की है। इस योजना के लिए वे परिवार पात्र होंगे, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से कम है और संबंधित व्यक्ति का नाम परिवार



पहचान पत्र(फैमिली आईडी) में दर्ज है। दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा (दयालु-2) योजना की समीक्षा के लिए उपायुक्त नेहा सिंह ने बुधवार को कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। योजना के तहत गठित कमेटी के समक्ष बैठक में आवारा पशु के कारण गांव बेगा निवासी विकास की हुई मृत्यु से संबंधित आवेदन के बारे में चर्चा की गई। जिसपर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस आवेदन को चण्डीगढ मुख्यालय भेजे ताकि संबंधित पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि योजना के तहत आवेदन आने पर संबंधित अधिकारी तुरंत कार्रवाई करें ताकि पीड़ित को आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पीड़ित परिवार को मृत्यु या 70 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग होने पर एक लाख रूपये से पांच लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। 12 साल की उम्र तक एक लाख रूपये, 12 साल से अधिक व 18 साल तक दो लाख रूपये, 18 साल से अधिक व 25 साल उम्र तक तीन लाख रूपये, 25 साल से अधिक व 45 साल उम्र तक पांच लाख रूपये व 45 साल की उम्र से अधिक में तीन लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता राशि देने का प्रावधान है। कम से कम चोट पर न्यूनतम 10 हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता राशि का प्रावधान है। जिसका अंतिम फैसला जिला स्तर पर गठित कमेटी के द्वारा किया जाता है, जिसमें वे स्वयं चैयरपर्सन होती हैं।

पीड़ित परिवार या पीडित को दुर्घटना होने के 90 दिन के अंदर पोर्टल https://dapsy. finhry. gov.in पर अप्लाई करना होगा। बैठक में एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, नगराधीश सिमरन, एसीपी राजपाल, डीडीपीओ मनीष मलिक, पीओ जोगिन्द्र लठवाल, आरटीए कार्यालय से सचिन ढूल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लाडवा विधानसभा के 1,97,911 वोटरों का 15 जून से 14 जुलाई तक किया जाएगा विशेष गहन पुनरीक्षण : अनुभव मेहता

**लाडवा, 3 जून ( रामगोपाल ) :** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि लाडवा विधानसभा के 1,97,911 वोटरों का 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में नागरिक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से हिस्सा ले सकते हैं। इस पुनरीक्षण के लिए बीएलओ जिले के प्रत्येक घर पर जाकर फार्म भरवाएगी। बीएलओ को नागरिक स्वयं फार्म जमा करवाते हैं, राजनैतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। एसडीएम ने नागरिकों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। ये कार्य वर्ष 2002 के बाद अब शुरू किया गया है। एसडीएम अनुभव मेहता उपमंडल कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 जून तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा 1 जुलाई 2026 से अपना नया वोट बनवा सकते हैं। सभी बीएलओ को विभाग की तरफ से 5 जून से 14 जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान बताया जाएगा कि किस वोटर से कौन सा फॉर्म भरवाया जाना है और कैसे भरवाया जाएगा। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जिनका वोट 2002 में बना हुआ है,



उन्हें 2002 वाला डाटा भरना होगा। जिन वोटरों का वोट 2002 के बाद बना है उन्हें अपने परिजनों (माता-पिता, दादा-दादी) का डाटा भरना है। जो वोटर गांव-शहर से बाहर रहते हैं, उनके परिवारजन उनका फार्म भरकर बीएलओ को जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई को ड्राफ्ट रोल तैयार होगा, 20 अगस्त तक दावे आपत्ति दे सकते हैं। किसी भी प्रकार के दावे आपत्ति को सबसे पहले आरओ / एसडीएम को दर्ज करवा सकते हैं, संतुष्टि न होने पर डीआरओ/उपायुक्त को, इसके बाद ईओ को आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इन दावे आपत्तियों को 21 जुलाई से 18 सितंबर तक सुनवाई के बाद निर्णय दिया जाएगा। सुनवाई के बाद 22 सितंबर को अंतिम निर्वाचनवली का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 की वोटर सूची सीईओ हरियाणा और ईसीआई की वैबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं। नागरिक किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर भी कॉल कर सकते हैं। एसडीएम अनुभव मेहता ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तार से जानकारी साझा की गई। सभी पार्टियां अपना बूथ लेवल एजेंट बनाकर लिस्ट चुनाव कार्यालय में जमा करवाएं। एक बूथ लेवल एजेंट अपनी साथ एक सदस्य और जोड़ सकता है। एक दिन में एक राजनैतिक एजेंट 50 फार्म जमा करवा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाली मतदाता सूची की जांच एजेंट द्वारा की जाएगी, इसमें किसी परिवार की वोट को दो बूथों में बांटा गया हो, कोई वोटर छूट गया हो या किसी वोटर का वोट डबल हो गया हो। इसके बाद अन्य प्रकार से बीएलओ का सहयोग करेंगे। किसी भी प्रकार की सूचना बीएलओ, आरओ, डीईओ को दे सकते हैं। इस बैठक में तहसीलदार नवम धानिया, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, नायब तहसीलदार गीता राम, बीडीपीओ रुबल, बीडीपीओ विनोद कुमार, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार, चुनाव कानूनगो सुदेश सहित राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रतिया में जावेद हबीब एंड हेयर ब्यूटी की नई शाखा का भव्य उद्घाटन

*मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक जरनैल सिंह पहुंचे, कहा- अब रतिया को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की ब्यूटी और हेयर सेवाएं*

**रतिया, 3 जून ( अमन सेठी ) :** देश के प्रतिष्ठित हेयर एवं ब्यूटी ब्रांड जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी की नई शाखा का बुधवार को रतिया में भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जरनैल सिंह ने शिरकत करते हुए रिबन काटकर सैलून का शुभारंभ किया। इससे पूर्व शाखा परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की खुशहाली एवं व्यवसाय की उन्नति की कामना की गई। इस अवसर पर शाखा संचालक वीरचंद्र एवं



रेखा रानी ने अतिथियों को सैलून की अत्याधुनिक सुविधाओं, आधुनिक हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर, मेकअप एवं प्रोफेशनल ब्यूटी ट्रीटमेंट सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रतिया के लोगों को अब बड़े शहरों जैसी उच्च स्तरीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। मुख्य अतिथि विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि जावेद हबीब जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड का रतिया में आगमन क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के खुलने से युवाओं को ब्यूटी एवं हेयर स्टाइलिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा यहां से प्रमाण-पत्र हासिल कर वे देश-विदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने शाखा संचालकों को रतिया में ऐसा प्रतिष्ठित ब्रांड लाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे शहर की पहचान और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने विशेष रूप से शाखा संचालिका रेखा रानी की सराहना करते हुए कहा कि रतिया की बेटी होने के साथ-साथ वे विदेशों में भी इस क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उनका अनुभव क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। विधायक ने कहा कि यह यूनिसेक्स सैलून महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सभी के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। जावेद हबीब के दिल्ली कार्यालय से पहुंची निशांत ने बताया कि यह शाखा नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित है तथा यहां ग्राहकों को उचित एवं किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सैलून में त्वचा एवं बालों की देखभाल के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उपयोग किया जाएगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर परिणाम मिल सकें। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन अंतरराष्ट्रीय एंकर एवं मोटिवेशनल स्पीकर धर्मेंद्र गोस्वामी ने किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा नई शाखा के शुभारंभ पर संचालकों को शुभकामनाएं दी।

## गांवों में लाइब्रेरी स्थापना की गति में लाएं तेजी : डॉ. आनंद कुमार शर्मा

*- डीसी ने जिला की ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापना को लेकर की समीक्षा*



**करनाल, 3 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने पंचायती राज संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर गति तेज करें और जहां पर जगह उपलब्ध है, वहां पर भवन निर्माण की अनुमानित लागत तैयार करें। इसके अलावा फर्नीचर व पुस्तकों की अनुमानित लागत के बारे में भी जानकारी दें। इस कार्य को प्राथमिकता से लें और जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला की सभी ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करने को लेकर पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में लाइब्रेरी स्थापना को लेकर सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और जिला की सभी 395 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करवाने के कार्य को प्राथमिकता दें। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में भवन उपलब्ध हैं, वहां पर भवन का नवीनीकरण किया जाए और फर्नीचर तथा पुस्तक जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जाए। इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में डीडीपीओ कंचनलता ने बताया कि जिला में 131 ग्राम पंचायतों में पहले से ही लाईब्रेरी स्थापित हैं, 264 में लाइब्रेरी स्थापित करवाना शेष है। इनमें से 109 में भवन उपलब्ध है, जिनके नवीनीकरण की अनुमानित लागत लगभग 6 करोड़ 82 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि 155 ग्राम पंचायतों में भवन उपलब्ध नहीं है लेकिन 100 ग्राम पंचायतों में जगह उपलब्ध है। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि इन 100 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी भवन की अनुमानित लागत जल्द से जल्द तैयार की जाए और शेष 55 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी भवन के लिए जगह की तलाश जारी रखें। डीसी ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि डी-प्लान के तहत एससी/बीसी चौपाल के निर्माण व मरम्मत कार्य को लेकर अपने-अपने ब्लॉकों की सूची जल्द तैयार की जाए और उसे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिला में चल रहे नए तालाबों के निर्माण कार्य को भी 15 जून तक अवश्य पूरा किया जाए और उसकी जियो टैग फोटो उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि इंद्री में बन रहे स्विमिंग पूल के निर्माण कार्य को भी जून माह में अवश्य पूरा किया जाए। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, डीडीपीओ कंचनलता, डिप्टी सीईओ रोजी रंगा, परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता प्रदीप धीमान तथा सभी बीडीपीओ अधिकारी मौजूद रहे।

## वेद प्रचार मंडल की लाडवा इकाई का गठन

*वेद प्रचार मंडल का मुख्य उद्देश्य सत्य सनातन वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार और वेदों के ज्ञान को जन जन तक पहुंचाना है : स्वामी सच्चिदानंद*

**लाडवा, 3 जून ( रामगोपाल ) :** वेद प्रचार मंडल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद जी के मार्ग दर्शन में जिला प्रधान आचार्य मोहन लाल के द्वारा वेद प्रचार मंडल की लाडवा इकाई का गठन कल शाम आर्य समाज मन्दिर लाडवा में हुई एक बैठक में किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पवन गर्ग को



उप प्रधान, अरविन्द सिंहल को मंत्री, अनिल गोयल और महिंद्र पाल आर्य को संरक्षक, डॉ रवि अरोड़ा और ओम पाल आर्य को उप मंत्री, बृज भूषण को कोषाध्यक्ष, रोहित गर्ग को सह कोषाध्यक्ष, मोहित अरोड़ा को युवा प्रभारी, विजय वर्मा, ध्रुव सेठी, सचिन गर्ग को युवा सह प्रभारी, निशी अग्रवाल को महिला प्रभारी, सुनील आर्य को अध्यापक प्रभारी, सतविंदर आर्य और नरेश बंसल को अध्यापक सह प्रभारी, गुरमेज सिंह को किसान प्रभारी, रविन्द्र बंसल, शमशेर सिंह और अजय कुमार को किसान सह प्रभारी तथा जयदेव आर्य को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ साथ कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया। इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद ने संबोधित करते हुए बताया कि वेद प्रचार मंडल का मुख्य उद्देश्य सत्य सनातन वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार और वेदों के ज्ञान को जन जन तक पहुँचाना है। जिला प्रधान आचार्य मोहन लाल ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और सभी को मिलजुल कर कार्य करने की सलाह दी, ताकि समाज में एक सौहार्द का वातावरण बन सके। इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी सोमानंद, आचार्य मोहन लाल, आचार्य धर्मपाल सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग पिहोवा द्वारा एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम की शुरुआत

*एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम किया आयोजन : डॉ. मनीषा सिंह*



**पिहोवा, 3 जून ( विवेक ) :** प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने बताया कि एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं, किशोरियों, और सभी बच्चों तथा बुजुर्गों का हीमोग्लोबिन जांच किया जाएगा। एनीमिक गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन, सुक्रोज के इंजेक्शन सब डिविजनल अस्पताल पिहोवा में उपलब्ध हैं सभी लाभार्थियों को नियमित रूप से लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर छोटे बच्चों के लिए आयरन सिरप आशा वर्कर्स द्वारा घर-घर जाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 से 9 वर्ष के बच्चों के लिए 5 लाख पिंक टैबलेट्स ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचा दी गई हैं।

## डीसी ने जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य पाल सिंह दादुपुर को दिलाई शपथ

**करनाल, 3 जून ( सोनी दुआ ) :** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला परिषद वार्ड नम्बर 10 के उपचुनाव में निर्वाचित हुए सदस्य पाल सिंह दादूपुर को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलवाई। शपथ उपरांत उपायुक्त ने नवनिर्वाचित सदस्य पाल सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंचनलता मौजूद रहीं।

## साहित्यकार भारत भूषण वर्मा ज्योतिष-महामंथन कार्यक्रम में हुए सम्मानित

**असंध, 3 जून ( दलसिह मान ) :** असंध के प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं संस्कृत प्राध्यापक कैथल में आयोजित राष्ट्रस्तरीय ज्योतिष महामंथन कार्यक्रम में सम्मानित हुए हैं। इस विषय में जानकारी देते हुए कवि भारत भूषण वर्मा ने बताया कि वह पिछले दो दशकों से साहित्य एवं ज्योतिष कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्हें कैथल में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने ज्योतिष क्षेत्र में संस्कृतमय सात्विक प्रवृत्तियां की भूमिका पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। भारत भूषण वर्मा हिंदी व संस्कृत काव्य-लेखन के साथ-साथ वैदिक ज्योतिष पर अनुशीलन करते रहते हैं। उनके प्रमुख काव्य संग्रह जीवन एक बहता दरिया और रचनाओं का प्रयागराज हैं जो साहित्यिक क्षेत्र में ख्याति प्राप्त काव्य-संग्रह हैं। इससे पूर्व भी वे चंडीगढ़ और लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष कार्यक्रमों में सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने सम्मान के लिए कार्यक्रम-संयोजिका सुमन अत्री और पंडित विजय शास्त्री का आभार व्यक्त किया है।

## भारत में रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 हुआ लॉन्च



पटियाला 3 जून (मधु राजपूत) मिडसाईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाईकल 'बुलेट' नए 650सीसी इंजन के साथ पेश की। इस लॉन्च के साथ ही भारत में नौ दशकों से चले आ रहे बुलेट के आईकॉनिक सफर का अगला अध्याय शुरू हो गया। बुलेट पहली बार भारत में सन 1932 में पेश की गई थी, जिसके बाद इसने मोटरसाईकल की एक अलग संस्कृति स्थापित कर दी। यह दुनिया की सबसे लंबे समय से चली आ रही मोटरसाईकल है, जिसका उत्पादन इसकी शुरुआत से ही बिना रुके लगातार होता आया है। यह बुलेट के सफर का 94वाँ साल है, जिसने पूरी दुनिया में विभिन्न पीढ़ी के राईडर्स के बीच अपनी एक खास जगह बना ली है। इसका शानदार सिल्हुएट, अपराईट स्टांस और आईकॉनिक थंप साउंड शुद्ध मोटरसाईक्लिंग की पहचान बन गए हैं।अब मोटरसाईकल की दुनिया की यह लीजेंड नई ऊर्जा के साथ आ रही है। बुलेट अभी तक की सबसे शक्तिशाली अभिव्यक्ति लेकर आई है। यह पहले से ज्यादा मजबूत और कमांडिंग हो गई है। साथ ही, इसका आईकॉनिक कैरेक्टर भी बरकरार है। अपने नए 650सीसी अवतार में बुलेट बेमिसाल ब्रिटिश विरासत और अदम्य भारतीय भावना को नमन करती है और बुलेट के फैन्स को ब्रांड की स्थायी विरासत का एक नया एहसास प्रदान करती है।बुलेट 650 के बारे में बोलते हुए बी. गोविंदराजन, मैनेजिंग डायरेक्टर - आयशर मोटर्स लिमिटेड और सी.ई.ओ, रॉयल एनफील्ड ने कहा, ''बुलेट नौ दशकों से अधिक समय से विश्वसनीयता, मजबूती और शुद्ध कैरेक्टर की पहचान है, जो प्योर मोटरसाईक्लिंग की रॉयल एनफील्ड की फिलॉसफी प्रदर्शित करती है।बल्कि इसे मॉडर्निटी और ऑथेंटिसिटी के साथ और बेहतर बनाना चाहते थे। हमने इसके प्रपोर्शन और सिल्हुएट से लेकर स्टांस और डिटेलिंग तक हर एलिमेंट में इस प्रतिष्ठित मशीन के शुद्ध एसेंस और कैरेक्टर को बरकरार रखा है। साथ ही, इसमें पैरेलेल ट्विन 650सीसी इंजन की जबरदस्त पॉवर और रिफाईनमेंट को शामिल किया है। ई.आई.सी.एम.ए 2025 में इसके ग्लोबल शोकेज़ को मिली शानदार प्रतिक्रिया से प्रदर्शित होता है कि यह मोटरसाईकल पूरी दुनिया के राइडर्स को कितनी पसंद आई। इससे प्रमाणित होता है कि यह मोटरसाईक्लिंग की दुनिया की ओरिज़नल आइकॉन है।''

# परफेक्ट फाउंडेशन के लिए अपनाएं ये 4 टिप्स




अक्सर देखा जाता है कि मॉइश्चराइजर लगाने के बाद जब फाउंडेशन अप्लाई किया जाता है, तो वह त्वचा पर ठीक से बैठता नहीं है। इसके बजाय वह पैची दिखने लगता है, जिससे पूरा मेकअप खराब हो जाता है। यह समस्या कई महिलाओं के लिए आम है, जहां महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी बेअसर लगने लगते हैं जब फाउंडेशन स्मूथ और फ्लॉलेस न दिखे। मेकअप का पूरा लुक तभी सुंदर दिखाई देता है, जब बेस सही और एक समान हो। गलत स्किन प्रेप, गलत एप्लिकेशन टेक्नीक या जरूरत से ज्यादा प्रोडक्ट का इस्तेमाल ऐसी समस्याओं की मुख्य वजह हो सकती है। मेकअप के इस महत्वपूर्ण चरण को सुधारने के लिए कुछ आसान टिप्स अपनाए जा सकते हैं, जो आपको नेचुरल और स्मूथ मेकअप बेस बनाने में मदद करेंगे। मेकअप की शुरुआत हमेशा साफ त्वचा से करनी चाहिए। अपने चेहरे को अच्छी तरह साफ करने के बाद, अगला कदम है सही मॉइश्चराइजर का चुनाव और उसका प्रयोग। मॉइश्चराइजर न सिर्फ आपकी त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करता है, बल्कि यह ड्राई पैचेस को बनने से भी रोकता है, जिससे फाउंडेशन का लुक एक समान आता है। अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार एक हल्का मॉइश्चराइजर चुनें और उसे त्वचा में पूरी तरह से सेट होने के लिए कुछ मिनट दें। यह सुनिश्चित करेगा कि आपकी त्वचा फाउंडेशन के लिए पूरी तरह से तैयार है और पैची दिखने से बचेगी।

फ्लॉलेस मेकअप बेस के लिए प्राइमर का इस्तेमाल अनिवार्य है, खासकर यदि आपके पोर्स बड़े हैं या त्वचा का टेक्सचर असमान है। कुछ लोग प्राइमर को छोड़ देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप फाउंडेशन लगाने के बाद त्वचा पर फाइन लाइन्स दिखना शुरू हो जाती हैं और वह त्वचा में ठीक से नहीं बैठता। मॉइश्चराइजर सेट होने के बाद, प्राइमर को पूरे चेहरे पर एक समान रूप से लगाएं और इसे भी लगभग 5 मिनट तक सेट होने दें। प्राइमर एक चिकनी परत बनाता है जो फाउंडेशन को त्वचा में धंसने से रोकता है और उसे लंबे समय तक टिकाए रखता है, जिससे पैची मेकअप की संभावना काफी कम हो जाती है। फाउंडेशन लगाते समय अक्सर यह गलत धारणा होती है कि अधिक मात्रा लगाने से चेहरा ज्यादा सुंदर दिखेगा। हालांकि, यह तरीका अक्सर विपरीत परिणाम देता है और चेहरे को भारी या केकी बना देता है। एक साथ ज्यादा फाउंडेशन लगाने के बजाय, चेहरे पर छोटी-छोटी मात्रा में प्रोडक्ट लगाएं, जैसे कि माथे, गालों, नाक और ठुड्डी पर। इसके बाद, एक अच्छी क्वालिटी के मेकअप स्पॉन्ज या ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग करके इसे चेहरे पर अच्छी तरह से फैलाएं। फाउंडेशन को रगड़ने के बजाय, हमेशा डबिंग (थपथपाने) विधि का इस्तेमाल करें। रगड़ने से फाउंडेशन असमान दिख सकता है और त्वचा पर धब्बे छोड़ सकता है। यदि आपको अधिक कवरेज की आवश्यकता महसूस हो, तो आप फाउंडेशन की दूसरी पतली परत भी लगा सकते हैं, लेकिन हमेशा कम मात्रा से ही शुरुआत करें।

मेकअप को लंबे समय तक टिकाऊ और नेचुरल लुक देने के लिए, फाउंडेशन लगाने के बाद सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल बेहद जरूरी है। सबसे पहले, फाउंडेशन को हल्का सा ट्रांसलूसेंट पाउडर या कॉम्पैक्ट से सेट करें, खासकर उन जगहों पर जहां आपको ज्यादा ऑइल आता है या जहां मेकअप क्रीज हो सकता है। इसके बाद, पूरे चेहरे पर सेटिंग स्प्रे का हल्का छिड़काव करें। यह आपके मेकअप को लॉक कर देता है, जिससे वह पूरे दिन ताजा और फ्लॉलेस दिखता है। यह न सिर्फ मेकअप को स्मूथ फिनिश देता है और त्वचा के साथ घुलने में मदद करता है, बल्कि चेहरे को एक नेचुरल और चमकदार लुक भी प्रदान करता है।

इन आसान लेकिन प्रभावी मेकअप टिप्स को अपनाकर आप आसानी से एक ऐसा फ्लॉलेस और नेचुरल फाउंडेशन बेस प्राप्त कर सकती हैं, जो आपके पूरे मेकअप लुक को निखार देगा और आपको आत्मविश्वास से भर देगा।

**इस प्रकार आप से नहीं हटेंगी लोगों की नजरें**

सुंदर के लिए अपनायें ये तरीके। इस प्रकार आप अपनी सुंदरता को बढ़ा सकती हैं। आंखों की सुंदरता के लिए गोल्ड आई शैडो का प्रयोग करें। आंखों पर गहरे रंग के आई पेंसिल का प्रयोग करें1 आप इलेक्ट्रिक ब्लर आईलाइनर के इस्तेमाल करने से भी अच्छा लुक पा सकती हैं1 रात के समय ब्लशर रंगों का होठों के रंगों से मेल जरूरी नहीं है, लेकिन टोन का रंग सामान्यता एक जैसा होना चाहिए। यदि आपने नांरगी लिपस्टिक लगाई है तो गुलाबी ब्लश से दूर रहिए।

आप लिपस्टिक में लाल गहरे लाल रंग की शेड की लिपस्टिक का प्रयोग कर सकती हैं। गहरा गुलाबी रंग भी काफी आकर्षक लगेगा। ज्यादातर त्वचा के रंगों में नारंगी शेड भी काफी सराही जाती है।

उमस भरे मौसम में 3डी लुक पाने के लिए फेस पर ब्रांजिंग और हाइलाइटिंग बहुत जरूरी है। इसके साथ ही फेस पर बेस ब्लेंडेड करना भी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टोनिंग भी बेहद अनिवार्य है1 इसके लिए आप किसी मलमल के कपड़े में बर्फ डालकर अपने चेहरे पर हल्के-हल्के से मल सकती हैं। इससे पोर्स तो बंद हो ही जाएंगे और मेकअप भी देर तक टिका रहेगा। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप मॉइश्चराइजिंग लोशन से कुछ मिनट तक हल्के-हल्के मसाज कर सकती हैं। अपनी त्वचा से अनचाहे दाग-धब्बे छुपाने के लिए कंसीलर का यूज कर सकती हैं। कंसीलर को अपनी उंगली में लेकर प्रभावित स्थान पर हल्के से थपथपा कर लगाएं, जिससे कंसीलर आपकी स्किन में अच्छे से समा जाए. अगर आपकी ड्रेस ज्यादा भारी नहीं है तो बहुत डार्क मेकअप ना करें, बल्कि लिपस्टिक और आई शेड्स में हल्के रंगों के उपयोग करें। आंखों पर मस्कारा लगाएं। आप लिक्विड काजल की जगह पेंसिल वाला काजल भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

# घर की सफाई में बेहद उपयोगी होते हैं खरबूजे के छिलके



गर्मियों के सीजन में पाए जाने वाला फल खरबूजा को खाने के बाद ज्यादातर लोग उसके छिलकों को बेकार समझकर फेंक देते हैं। खरबूजे का यह छिलका बहुत काम का होता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि यही छिलके घर की सफाई में बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं। रसोई की गंदी सिंक से लेकर शीशों और टाइल्स की सफाई तक, खरबूजे के छिलके कई घरेलू कामों में मददगार माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि इनके इस्तेमाल से बिना किसी केमिकल के सफाई की जा सकती है। घर की सिंक और बेसिन में अक्सर चिकनाई और गंदगी जम जाती है, जिसे साफ करने में काफी मेहनत लगती है। ऐसे में खरबूजे के छिलके एक आसान घरेलू उपाय साबित हो सकते हैं। खरबूजा खाने के बाद उसके छिलकों को सीधे सिंक या बेसिन पर रगड़ने से चिकनाई हटाने में मदद मिलती है। कुछ देर तक छोड़ने के बाद हल्के स्क्रबर या ब्रश से साफ करने पर सिंक पहले की तुलना में ज्यादा चमकदार दिखाई देने लगती है। खरबूजे के छिलके शीशों और कांच के बर्तनों की सफाई में भी उपयोगी माने जाते हैं। कई बार कांच पर धब्बे और पुराने निशान पड़ जाते हैं, जिन्हें हटाना मुश्किल हो जाता है। इसके लिए छिलकों को पानी में उबालकर उस पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है। ठंडा होने के बाद इस पानी से शीशों को साफ करने पर कांच ज्यादा साफ और चमकदार नजर आता है। लोग इसे घरेलू और सस्ता उपाय मान रहे हैं। बाथरूम और फर्श की टाइल्स पर जमा जिद्दी दाग हटाने में भी खरबूजे के छिलकों का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए छिलकों को पानी में अच्छी तरह उबालकर दाग वाली जगह पर डालना होता है। कुछ देर बाद ब्रश से हल्का रगड़ने पर गंदगी ढीली पड़ जाती है और टाइल्स साफ दिखाई देने लगती हैं। यह तरीका खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी माना जाता है जो ज्यादा केमिकल वाले क्लीनर इस्तेमाल नहीं करना चाहते। विशेषज्ञों के अनुसार खरबूजे के छिलकों में मौजूद प्राकृतिक रस सफाई में मदद करते हैं। इससे न केवल घर साफ होता है बल्कि रासायनिक उत्पादों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान से भी बचाव होता है। पर्यावरण के लिहाज से भी यह तरीका बेहतर माना जा रहा है।

# ससुराल में सभी को खुश रखें

शादी के बाद ससुराल में प्रवेश करते ही हर लड़की नए बंधनो में बंध जाती हैं और इसके साथ ही उसकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है। ऐसे में लड़की के लिए जरूरी होता हैं कि वह अपने ससुराल वालों को भी खुश रखें और उन्हें अपने मायके की तरह ही प्यार करे। इसलिए अगर आपकी भी नई-नई शादी हुई है, तो इन आसान तरीका से आप भी अपने ससुराल वाला का दिल जीत सकती है। इससे आपकी शादीशुदा जिंदगी अच्छी चलेगी और आप भी खुश रहेंगी।

सबका मन जीते-शादी का यह मतलब नहीं कि आपका रिश्ता सिर्फ आपके पति के साथ ही है। बल्कि उसके पूरे परिवार के साथ आपके रिश्ते की डोर बंधी है। इसलिए सभी का मान-सम्मान करें और अपने मीठे बोल व काम से सभी का दिल जीतने का प्रयास करें। तभी आप ससुराल में अपनी एक खास जगह बना पाएंगी।




पूरे परिवार के साथ घुलमिल कर रहें, ताकि आपको अपने ससुराल में घुलने-मिलने में किसी तरह की केई परेशानी न आये।

इससे आप सभी का व्यवहार भी समझ पायंगी और रिश्तों में कड़वाहट नहीं आयेगी।

हर सास को उम्मीद होती है कि उसकी बहू ऐसी आये जो उसके परिवार को एक डोर से बांध सके। हो सकता है कि शुरुआत में आपकी सास आपके साथ थोड़ी सख्त हो, लेकिन आप अपने प्यार से उनका दिल जीत सकती है क्योंकि सास ही आपके पति और आपके बीच की एक अहम कड़ी है। इसलिए उनका निरादर कभी न करें।

हर घर में थोड़ी बहुत तकरार होती रहती है। अगर आपको भी ससुराल में किसी बात से परेशानी है या किसी का व्यवहार आपको पसंद नहीं, तो उनसे खुलकर बात करें। पति को इस संशय में न फंसाए कि उन्हें परिवार के सामने आपका पक्ष लेना पड़े। इससे रिश्ते कमजोर पड़ते हैं और परिवार टूटता है।

# चमचमाती त्वचा के लिए ब्लैकहेडस को कहें अलविदा



अपनाएं ये आसान घरेलू नुस्खे

खूबसूरती हर किसी को प्यारी होती है, लेकिन चेहरे और नाक पर नजर आने वाले ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स अक्सर इस खूबसूरती पर ग्रहण लगा देते हैं। इन जिद्दी निशानों से छुटकारा पाने के लिए महिलाएं महंगे पार्लर उपचारों और दर्दनाक प्रक्रियाओं का सहारा लेती हैं, जिनमें समय और पैसा दोनों खर्च होते हैं। हालांकि, अब आपको चिंतित होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कुछ बेहद ही आसान और प्राकृतिक घरेलू तरीकों से आप बिना किसी दर्द और बड़े खर्च के इन ब्लैकहेड्स से हमेशा के लिए निजात पा सकती हैं, और अपनी त्वचा को बेदाग और चमकदार बना सकती हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ प्रभावी घरेलू उपायों के बारे में, जो आपकी त्वचा को ब्लैकहेड्स मुक्त बनाने में मददगार साबित होंगे।इस कड़ी में सबसे पहला और कारगर उपाय बेकिंग सोडा का इस्तेमाल है। बेकिंग सोडा में थोड़ा सा गुलाबजल या सामान्य पानी मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को उन जगहों पर लगाएं जहां ब्लैकहेड्स की समस्या है, जैसे नाक या ठुड्डी। पेस्ट के पूरी तरह सूख जाने का इंतजार करें। जब यह सूख जाए, तो वैक्सिंग की तरह हल्के हाथों से इसे धीरे-धीरे खींचते हुए उतारें। बेकिंग सोडा त्वचा को एक्सफोलिएट करने और छिद्रों को साफ करने में मदद करता है। आप अपने पुराने और खराब टूथब्रश को फेंकने की बजाय, उसे ब्लैकहेड्स हटाने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। बस, ब्रश पर थोड़ी सी मात्रा में टूथपेस्ट लगाएं और ब्लैकहेड्स वाली जगह पर बेहद हल्के हाथों से रगड़ें। ध्यान रहे कि बहुत जोर से न रगड़ें, वरना त्वचा को नुकसान हो सकता है। नियमित रूप से यह उपाय करने से आपको खुद-ब-खुद ब्लैकहेड्स निकलते हुए नजर आएंगे और त्वचा साफ होती जाएगी।

शहद और चीनी का मिश्रण एक बेहतरीन प्राकृतिक एक्सफोलिएटर का काम करता है। एक कटोरी में शहद और चीनी को मिलाकर एक दरदरा पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को ब्लैकहेड्स से प्रभावित क्षेत्रों पर लगाएं और कम से कम दो मिनट तक हल्के हाथों से गोलाई में रगड़ें। रगड़ने के बाद, इसे लगभग पांच मिनट के लिए त्वचा पर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। शहद त्वचा को नमी प्रदान करता है, जबकि चीनी मृत त्वचा कोशिकाओं और ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करती है।

एक्टिवेटेड चारकोल भी ब्लैकहेड्स को हटाने का एक बहुत प्रभावी तरीका है। इसके लिए, रात को दो-तीन एक्टिवेटेड चारकोल कैप्सूल लेकर उन्हें अच्छी तरह पीस लें। अब इसमें एक चौथाई चम्मच जिलेटिन पाउडर और एक विटामिन ई कैप्सूल (कैप्सूल तोड़कर तेल निकालें) मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को ब्लैकहेड्स से प्रभावित जगह पर लगाएं। जब पेस्ट पूरी तरह से सूख जाए और एक परत बना ले, तो इसे नीचे से ऊपर की ओर खींचकर उतारें। चारकोल त्वचा से अशुद्धियों और अतिरिक्त तेल को सोख लेता है, जिससे ब्लैकहेड्स निकल जाते हैं।

इन सभी घरेलू नुस्खों का नियमित और सही तरीके से इस्तेमाल करके आप न केवल ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकती हैं, बल्कि अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार भी बना सकती हैं।

हालांकि, किसी भी नए उपाय को आजमाने से पहले अपनी त्वचा के छोटे से हिस्से पर पैच टेस्ट जरूर करें, ताकि किसी भी संभावित एलर्जी या रिएक्शन से बचा जा सके। धैर्य और निरंतरता के साथ, ये प्राकृतिक उपाय आपको मनचाही बेदाग त्वचा प्रदान करेंगे।

# बुजुर्गों का आर्शीवाद सिर्फ भाग्यशाली लोगों को मिलता है

**- किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता में आस्था जग प्रसिद्ध है। अपने माता- पिता और बड़े बुजुर्गों का जितना सम्मान भारतीय संस्कृति में सदियों से प्रवाहित हो रहा है, शायद दुनियाँ में कहीं नहीं देखने को मिलेगा। परंतु दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि माता-पिता बड़े बुजुर्गों के सम्मान की इतनी धारदार कट्टरता अभी कुछ वर्षों से तीव्रता से कम होती जा रही है। याने पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारतीय समाज में तीव्रता से बढ़ती जा रही है। आज माता-पिता अपने बच्चों को अपना पेट काटकर ऊंचे से ऊंची शिक्षा दिलाकर डॉक्टर इंजीनियर सीए सहित अनेक प्रोफेशनल डिग्रियां दिलाकर उच्च मुकाम पर पहुंचा रहे हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि कुछ अपवादों को छोड़कर उन्हीं नवयुवकों द्वारा अपने अपने माता-पिता को छोड़कर अपनें भविष्य, अपनी जिंदगी,अपनी लाइफ स्टाइल के नाम पर बड़े शहरों, विदेशों में जॉब के नाम पर जाकर वही सेट हो जाते हैं। अनेक युवा वही शादी कर लेते हैं तो कुछ अपने नाटिव स्थान पर शादी करके फैमिली सहित वापस बड़े शहर या विदेश में चले जाते हैं और बेचारे मां-बाप वही अपनी तंगी हालत में जीते हैं। ऐसे अनेक हकीकत किस्से हर शहर, गांव में आम होते जा रहे हैं हमारी कॉलोनी में भी कई किस्से मेरी नजरों के सामने हैं जो बेचारे फटी पेंट या धोती पहन कर गुजारा कर रहे हैं और उनके बच्चे ब्रांडेड चीजों को वापरकर अपनी पाश्चात्य लाइफ स्टाइल जी रहे हैं जिसका कोई फायदा नहीं है। मेरा मानना है कि ऐसे युवक इस नाइंसाफी का बीज बो रहे हैं जो आगे चलकर अपने बच्चों से वटवृक्ष के रूप में परेशानियों से भरा पाएंगे। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों वृद्धजनों का सम्मान और उनकी देखभाल करें।साथियों बात अगर हम आध्यात्मिक आस्था की करें तो, हम लोग पूजा-पाठ बहुत करते हैं, लेकिन हमें सकारात्मक फल नहीं मिल पाते हैं। मेरा मानना है कि सिर्फ पूजा से जीवन में सुख-शांति नहीं मिल सकती है। अपना आचरण भी अच्छा बनाए रखना जरूरी है। हम लोग माता-पिता का सम्मान नहीं करते हैं और सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं, तो हमें सुख शांति नहीं मिल पाती है। देवी-देवता भी उन्हीं लोग पर कृपा करते हैं जो अपने माता-पिता का पूरा सम्मान करते हैं और उनके सुख-दुख का ध्यान रखते हैं। साथियों बात अगर हम हमारे शास्त्रों में बुजुर्गों के सम्मान की करें तो,यजुर्वेद का उल्लेख, हमारे शास्त्रों में भी बुजुर्गों का सम्मान करने की राह दिखलायी गई है यजुर्वेद का निम्न मंत्र संतान को अपने माता-पिता की सेवा और उनका सम्मान करने की शिक्षा देता है-



**यदापि पोष मातरं पुत्र-प्रभुदितो धयान।**
**इतदगे अनृणो भवाम्यहतौ पितरौ ममां॥**

अर्थात् जिन माता-पिता ने अपने अथक प्रयत्नों से पाल पोसकर मुझे बड़ा किया है, अब मेरे बड़े होने पर जब वे अशक्त हो गये हैं तो वे जनक-जननी किसी प्रकार से भी पीड़ित न हों, इस हेतु मैं उसी की सेवा सत्कार से उन्हें संतुष्ट कर अपा आनृश्य (ऋण के भार से मुक्ति) कर रहा हूँ। आज अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हम मनीषियों को को यह समझने की जरूरत है कि वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन, बड़े बुजुर्ग हमारे समाज की अनमोल विरासत होते हैं, उन्होंने अपने समाज और देश को बहुत कुछ दिया है। वह हमारी धरोहर हैं, अनुभवों का एक खजाना है जो किसी भी देश की उन्नति के लिए मूल्यवान मंत्र है जिसका सही दिशा में उपयोग किया जाए तो उस देश को सामाजिक- आर्थिक नैतिक संपन्नता से नवाज़ने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि उनके अनुभवों के साथ उनका आशीर्वाद भी काम करता है जिसमें स्वयं ईश्वर अल्लाह भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते इतनी ताकत होती है आशीर्वाद या दुआ में,इसलिए हमें चाहिए कि बड़े बुजुर्गों के अनुभवों और सीख़ से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम हों।आओ वृद्धावस्था को सुखी बनाएं-उनका आशीर्वाद लें। साथियों बात अगर हम माता पिता बड़े बुजुर्ग वृद्धजनों के सम्मान की करें तो, बचपन से ही हमें घर में शिक्षा दी जाती है कि हमें अपने से बड़ो का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठजन हमारे घर की नींव होते हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद बहुत भाग्य वालों को मिलता है इसलिए सभी को अपने से बड़ों और वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। लेकिन आज के समय में ये कहना अनुचित नहीं होगाकि अबये मात्र औपचारिकता रह गई है। लेकिन हर व्यक्ति को वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और आदर की भावना रखनी चाहिए। हमारे देश में बड़े लोगों को ईश्वर अल्लाह के तुल्य और उनके आशीर्वाद को किसी भी काम में सबसे बड़ा सहायक माना जाता है, इसलिए हमारे देश में सभी अपने से बड़ों का सम्मान और आदर करते हैं। फिलहाल अब हालात काफी बदल गए हैं। कई मामलों में वृद्धजनों को अपनी संतानों द्वारा मुश्किलें और दिक्कतें झेलते देखा गया है। साथियों बात अगर हम माता पिता वृद्धजनों की अवहेलना की करें तो, एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है, यानें वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है। यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है,जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनिया में है ही नहीं। अनुभव के सहारे ही दुनिया भर में बुजुर्ग लोगों ने अपनी अलग दुनिया बना रखी है। जिस घर को बनाने में एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है, वृद्ध होने के बाद उसे उसी घर में एक तुच्छ वस्तु समझ लिया जाता है। बड़े बूढ़ों के साथ यह व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। सब जानते हैं कि आज हर इंसान समाज में खुद को बड़ा दिखाना चाहता है और दिखावे की आड़ में बुजुर्ग लोग उसे अपनी सुंदरता पर एक काला दाग़ दिखते हैं। बड़े घरों और अमीर लोगों की पार्टी में हाथ में छड़ी लिए और किसी के सहारे चलने वाले बुढ़ों को अधिक नहीं देखा जाता, क्योंकि वह इन बूढ़े लोगों को अपनी आलीशान पार्टी में शामिल करना तथाकथित शान के ख़िलाफ़ समझते हैं। यही रुढ़िवादी सोच उच्च वर्ग से मध्यम वर्ग की तरफ चली आती है।

# युवाओं को मिलेगी सफलता की दिशा-आर्यभट्ट कालेज में मनदीप कौर टांगरा करेंगी संबोधित

बरनाला, 3 जून (बघेल सिंह धालीवाल) आर्यभट्ट कॉलेज, बरनाला द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास तथा भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से 6 जून 2026 को कॉलेज परिसर में एक विशेष प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध थॉट लीडर, प्रेरक वक्ता, उद्यमी एवं सामाजिक परिवर्तन की अग्रणी प्रेरणादायक हस्ती श्रीमती मनदीप कौर टांगरा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगी।यह कार्यक्रम केवल एक व्याख्यान नहीं होगा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अपनी छिपी हुई क्षमताओं को पहचानने, आत्मविश्वास को मजबूत करने तथा अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने का एक अनूठा मंच साबित होगा। इस विशेष प्रेरणादायक एवं सामाजिक जागरूकता व्याख्यान के लिए पंजीकरण को लेकर आर्यभट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, बरनाला को विद्यार्थियों, युवाओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों से अत्यंत उत्साहजनक और शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।श्रीमती मनदीप कौर टांगरा एक विश्व प्रसिद्ध थॉट लीडर, तीन बार TED& स्पीकर, प्रेरक वक्ता, उद्यमी तथा सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक व्यक्तित्व हैं। वह CEO – Oorjaah के रूप में कार्यरत हैं और नेतृत्व, उद्यमिता, युवा सशक्तिकरण, व्यक्तिगत विकास तथा सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।उन्हें भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा पंजाब के राज्यपाल द्वारा नेतृत्व, उद्यमिता और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अपने क्षेत्र की पहली आईटी कंपनी TickMark की स्थापना की तथा बाद में मोहाली स्थित बिजनेस कंसल्टिंग कंपनी Oorjaah की स्थापना कर निवेश, बिजनेस ग्रोथ, फ्रेंचाइजी डेवलपमेंट और स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाई।वह स्कूलमें विश्वविद्यालय टॉपर रह चुकी हैं तथा IITs, IIMs, NITs सहित अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने विचारों के माध्यम से हजारों युवाओं को प्रेरित कर चुकी हैं।इस विशेष व्याख्यान के दौरान श्रीमती मनदीप कौर टांगरा विद्यार्थियों के साथ जीवन



के महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगी। आर्यभट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा सभी 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थियों (किसी भी स्ट्रीम से), व्यापारियों, उद्योगपतियों, समाजसेवियों, युवाओं तथा समाज के अन्य जागरूक वर्गों को इस अनूठे प्रेरणादायक व्याख्यान में शामिल होने का खुला आमंत्रण दिया गया है।इस अवसर पर आर्यभट्ट कॉलेज की प्रबंधन समिति के सदस्य— चेयरमैन आर. के. गुप्ता, राजीव मंगला, विक्की सिंगला, इंद्रपाल गोयल, हरभजन सिंह, मोहित मंगला और अश्वनी सिंगला ने कहा कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रियों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और योग्य नागरिक के रूप में तैयार करना है।कॉलेज निदेशक डॉ. अजय कुमार मित्तल ने कहा कि यह प्रेरणादायक व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा तथा उनमें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करेगा। डीन अकादमिक्स डॉ. भवेत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की सोच का दायरा बढ़ाते हैं और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर इंडस्ट्रियल चैंबर बरनाला के अध्यक्ष विकास गोयल, सचिव हरीश बंसल तथा कोषाध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आज के समय में युवाओं, उद्योगपतियों और समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा, नेतृत्व और सकारात्मक सोच अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट ग्रुप क्षेत्र में शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी का एक मजबूत केंद्र बन चुका है, जो युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व और सामाजिक चेतना के गुण भी विकसित कर रहा है।उन्होंने बरनाला और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों, उद्योगपतियों, पेशेवरों तथा आम लोगों से इस अनूठे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव और नई सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कला संस्कृति विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**असंध, 3 जून ( दलसिह मान ) :** भारतीय भाषा समर कैंप का आज तीसरे दिन भी सरकारी स्कूल गोल्ली में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यह समर कैंप छुट्टियों में एक जून से सात जून तक चलेगा। बुधवार को तीसरे दिन कलां संस्कृति विषय पर कार्यक्रम किया गया। मुख्य रूप से गीत कविता चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। नेहा कोमल, वंशिका ने कविता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेखा, हिमानी ने गीत सुनाकर सबका मन मोह लिया सुनाक्षी, कविता ने चित्रकला में भाग लिया मानवी ने कहानी सुनाई कर ईनाम हासिल किया।

## जिला शतरंज चैम्पियनशिप में शौर्यपूर्ण प्रदर्शन, शिवांग ने जीता स्वर्ण पदक

बरनाला, 3 जून (कपिल गर्ग)वाईएस स्कूल के होनहार छात्र शिवांग ने जिला शतरंज चैम्पियनशिप, बरनाला में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-11 वर्ग में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर विद्यालय और अपने



परिवार का नाम रोशन किया है।शिवांग ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी उत्कृष्ट रणनीति, एकाग्रता और खेल कौशल का परिचय देते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी और विजेता का खिताब अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल बना दिया है।विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों और सहपाठियों ने शिवांग को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिवांग की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है तथा यह सिद्ध करती है कि मेहनत, अनुशासन और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## माई भारत बरनाला ने आभा सोनी की अध्यक्षता में विश्व साइकिल दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया




बरनाला, 3 जून (बघेल सिंह धालीवाल) भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा जिला युवा अधिकारी मैडम आभा सोनी की अध्यक्षता में, माई भारत केंद्र बरनाला के तत्वावधान में और बरनाला साइक्लिंग क्लब के सहयोग से विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। मैडम आभा ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य युवाओं और आम जनता को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक करना था।रैली शहीद भगत सिंह चौक बरनाला से शुरू हुई और शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए दीपक ढाबा धनौला तक गई।इस अवसर पर बोलते हुए क्लब अध्यक्ष राहुल मेनन ने इस आयोजन को सहयोग देने के लिए भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माई भारत बरनाला का आभार व्यक्त किया साइकिल चालकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे साइकिलिंग के माध्यम से फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दे रहे हैं।कार्यक्रम में बोलते हुए क्लब के अध्यक्ष डॉ. पुनीत बंसल ने कहा कि साइकिल चलाना पर्यावरण के अनुकूल और किफायती परिवहन का साधन है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि प्रदूषण कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।युवाओं को अपने दैनिक जीवन में साइकिल का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# जिला में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**करनाल, 3 जून ( यशपाल कादियान ) :** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिला के सभी ब्लॉकों (करनाल, घरौंडा, असंध, मुनक, निसिंग, नीलोखेड़ी, इंद्री तथा कुंजपुरा) में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य हर घर योग-घर-घर योग, फिट हरियाणा, हरित योग, योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण देना है। योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा एवं नोडल अधिकारी डॉ. दिनकर की देखरेख में जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा उपमंडल स्वास्थ्य केंद्रों में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए गए। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग के कुल 1,258 अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि बाल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 21 जून तक बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी की देखरेख में चल रहे इस शिविर में आयुष विभाग की योग इंस्ट्रक्टर कुमारी गुंजन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज कुल 155 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 40 लडके और 115 लड़कियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला कारागार करनाल में 1 जून से 21 जून तक विशेष योग शिविर चलाया जा रहा है। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज की देखरेख में योग



इंस्ट्रक्टर मुन्ना कुमार तथा कांता द्वारा कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। आज इस शिविर में लगभग 496 कैदियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ के मार्गदर्शन तथा डीएसपी सुरेंद्र, डीएसपी धर्मचंद नैन और डीएसपी नीलम की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कैदियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत मंत्रोच्चार से हुई, जिसके बाद सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, तथा पेट व पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। इसके बाद प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का सत्र हुआ। इस दौरान बताया गया कि मन को एकाग्र करने का सबसे उत्तम साधन ध्यान है, जो अष्टांग योग का 7वां अंग है और इसके बाद की सीढ़ी मोक्ष है, जो मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है।

मन को शांत व संतुलित रखने के लिए प्रतिदिन 10 मिनट नाड़ी शोधन प्राणायाम करने की सलाह दी गई। डॉ. अमित ने बताया कि जिला में योग क्षेत्र में सक्रिय विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से कुल 181 स्थानों पर प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इनमें पतंजलि योग समिति द्वारा 150, मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा 20, भारतीय योग संस्थान द्वारा 8, करण योग संस्थान द्वारा 1, हमारा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा 1 तथा हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा 1 योग कक्षा का संचालन किया जा रहा है।

इन सभी 181 कक्षाओं के माध्यम से प्रतिदिन 5,000 से अधिक योग साधक प्रशिक्षण ले रहे हैं। ब्लॉक इंचार्ज डॉ. नितिन रोहिला ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 4 जून को जिला उच्च शिक्षा अधिकारी के सहयोग से जिला के विभिन्न कॉलेजों में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में आयुष विभाग के योग सहायक विद्यार्थियों और स्टाफ को योग का प्रशिक्षण देंगे।

## बाढ़ संभावित क्षेत्रों में आमजन को बेसिक प्राथमिक सहायता एवं सी. पी. आर. जागरूकता प्रशिक्षण



**यमुनानगर, 3 जून ( दिनेश कुमार ) :** रैडक्रॉस द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार संभावित बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बेसिक प्राथमिक सहायता एवं सी.पी.आर. जागरूकता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जानकारी देते हुए जिला रैडक्रॉस समिति के कार्यवाहक सचिव संजीव धीमान ने बताया कि उपायुक्त एवं प्रधान, रेडक्रॉस समिति प्रीति के निर्देशानुसार यमुनानगर के संभावित बाढ़ ग्रस्त गांवो में आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर रेड क्रॉस एवं सिविल डिफेंस यमुनानगर के माध्यम से ग्रामवासियों को निःशुल्क प्राथमिक सहायता एवं सी.पी.आर. का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राथमिक चिकित्सा व सी.पी.आर. का ज्ञान सभी को होना चाहिए, एक प्रशिक्षित व्यक्ति ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करने में मददगार हो सकता है। इसी श्रेणी में 2 जून को खण्ड छछरौली के गांव बरोली माजरा तथा खण्ड व्यासपुर के गांव चिन्तपुर में यह जीवन रक्षक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गांववासी बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशी भूषण ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद का समय बहुत ही महत्वपूर्ण होता है यदि उसमें घायल व्यक्ति को उचित प्राथमिक सहायता प्रदान कर दी जाए तो उसके बचने की सभांवना बढ़ जाती है। जिला प्रशासन एवं रैड क्रॉस द्वारा यह प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जा रहा है इसलिए उन्होंने ग्राम वासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त करें। इस प्रशिक्षिण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षित प्राथमिक सहायता प्रवक्ताओं विरेन्द्र कुमार तथा राजेश सैनी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की नियमित मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

**हिसार, 3 जून ( ब्यूरो ) :** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी निर्वाचन अधिकारियों तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों को एसआईआर अभियान की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने की हिदायत दी और कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक एवं त्रुटिहीन बनाना भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है। इसलिए मतदाता सूची में सभी पात्र लोगों



को शामिल किया जाए। किसी भी सूरत में वोट की डुप्लिकेसी नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए गंभीरता से काम करें। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी जिलों में अभी तक एसआईआर को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की। यह निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित तथा अन्य अपात्र मतदाताओं के नाम की गहनता से जांच हो। इसी प्रकार से 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। उपायुक्त ने विशेष पुनरीक्षण अभियान की सफलता को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने की भी हिदायत दी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिलाने के उपरांत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देश दिए कि वे अभियान की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा सर्वे कार्य की निरंतर समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जब भी बीएलओ घर-घर सर्वेक्षण के लिए आएं तो उन्हें सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर एसीयूटी विवेक यादव, नगराधीश रोहित कुमार, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 3 जून ( दिनेश कुमार ) :** महिला थाना की पुलिस टीम ने महिला की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी शिलावंती ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना रादौर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका पति अपने ट्रैक्टर ट्राली से ईंटों को भटठे पर लाने व ले जाने का काम करता है और जो रात को भी भटठा पर काम करता है। दिंनाक 25 मई को जब उसका पति भटठे पर काम करने के लिए गया तो आरोपी मैहताब शराब के नशे में उसके कमरे में जबरदस्ती घुस आया और उसको जबरदस्ती गलत काम करने के लिए कहने लगा जब उसने शोर मचाने को कहा तो तभी आरोपी मैहताब ने अपने फोन मे उसकी बिना कपडो की नग्न वीडियों नहाते हुई की दिखाई और कहने लगा कि तुने शोर मचाने की कौशिश की तो मैंइस वीडियों को सोशल मीडिया पर वायरल करके तुझे समाज में बदनाम कर दूंगा। आरोपी ने उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बिना उसकी सहमति के जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया है। जाते समय धमकी दी कि अगर इस बारे किसी को बताया तो तेरी अश्लील वीडियों मेरे पास है जिसको में शोसल मीडिया पर वायरल करके तुझे बदनाम कर दूंगा। इस शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक सुषमा देवी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी महताब पुत्र निक्का उर्फ हमीश वासी विजय नगर कालोनी जगाधरी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान देना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त कदम : जगमोहन आनंद

**करनाल, 3 जून ( सुमन लता ) :** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की कमान देकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। केंद्रीय नेतृत्व के इस निर्णय से पार्टी की अन्य महिला कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता को कार्यभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि इनके कुशल नेतृत्व में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व स्तर पर नंबर एक की पार्टी बन चुकी है और 17 राज्यों में अपने मुख्यमंत्री बनाकर भारत में सबसे लोकप्रिय पार्टी भी बन गई है। हाल ही में हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद अब विभिन्न प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव भी शुरू हो गये हैं। इस प्रक्रिया में 4 प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की गई, जिसमें हरियाणा भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय मात्र एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने इस गरिमामय फैसले के लिए वह शीर्ष नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन




नवीन, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद किया, जिन्होंने एक महिला को प्रदेश की कमान संभालने की जिम्मेवारी दी। शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले से यह साबित होता है कि वाकई मेहनत से कार्य करने वाला कार्यकर्ता कहीं से कहीं पहुंच सकता है और शीर्ष नेतृत्व सदैव उस कार्यकर्ता का ध्यान रखता है, जो मेहनत और लगन से कार्य करता है और पार्टी के लिए समर्पित है।

## मानसून सीजन से पहले नालों की सफाई का कार्य करें पूरा

**यमुनानगर, 3 जून ( दिनेश कुमार ) :** उपायुक्त प्रीति ने डीसी कार्यालय में मानसून सीजन के दौरान जिला के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रो के कैचमेंट एरिया में अधिक वर्षा होने की स्थिति में संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों एवं प्रबंधों के बारे में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें संभावित बाढ़ से निपटने के उपायों बारे चर्चा की व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा के समय आपसी समन्वय से जानमाल की बेहतरीन सुरक्षा की जा सकती है। साहस और सूझबूझ के साथ-साथ दक्षता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। डीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि बाढ़ बचाव को लेकर सिंचाई विभाग द्वारा स्टोन स्टड के जो भी कार्य करवाएं जा रहे हैं उनका नियमित निरीक्षण करें। ग्रामीण स्तर पर कमेटी बनाई जाए जो कार्यों की निगरानी करेंगी। बाढ़ बचाव कार्यों में तेजी लाए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण हो। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर संबंधित एसडीएम से समन्वय स्थापित करें। उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सोमनदी, पथराला नदी, यमुना नदी सहित जरूरत की जगहों पर ठोकरों व तटबंधों की सुरक्षा पुख्ता करें। समय रहते नालों की सफाई का कार्य कर लें और यदि सड़कों एवं आने जाने वाले रास्तों में कोई गड्ढा वगैरह है तो उसे तुरन्त बन्द किया जाए। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग पानी की निकासी के लिए पम्प तैयार रखें। उपायुक्त ने कहा कि सिचांई विभाग कॉम्यूनिकेशन सिस्टम सही ढंग से तैयार करें ताकि लोगों को संभावित बाढ़ के खतरों की पहले से ही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग), मार्किटिंग बोर्ड अपनी-अपनी सड़कों की पुलियों व पुलों के कलवट की सफाई तुरंत करवा लें। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों से सम्बंधित बाढ़ बचाओं कार्यों एवं प्रबंधों को 15 जून तक हर हालत में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी, नहरों में अवैध खनन होने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डिप्टी सीईओ जिला परिषद जसविंदर सिंह, डीआरओ तरूण सहोता, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता प्रवीण गुप्ता, सिंचाई विभाग केकार्यकारी अभियंता राहिल सैनी व विजय गर्ग, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# अब दूध का प्लास्टिक पैक पर्यावरण को नहीं करेगा प्रदूषित

नई दिल्ली 3 जून (संजय बंसल) प्लास्टिक के पैक में दूध लेने से अधिकतर लोगों को अच्छा महसूस नहीं होता, क्योंकि यह ध्यान में रहता है कि दूध का तो इस्तेमाल हो जाएगा, लेकिन साथ ही प्लास्टिक का पाउच फेंकना पड़ेगा। जो पर्यावरण के साथ मिट्टी को भी प्रदूषित करेगा। लेकिन अब चिंता की बात नहीं है। क्योंकि प्रमुख दूग्ध उत्पाद कंपनी मदर डेयरी ने देश का ऐसा पहला प्लास्टिक के पैक प्रस्तुत किया है जो, मिट्टी में घुलने वाला है। यह फर्स्ट-ऑफ-इट्स-काइंड मिल्क पैकेजिंग है, जो बायो अवेलेबल वैक्स में बदल जाती है, जिसे मिट्टी में मौजूद माइक्रोब्स नैचुरली ब्रेकडाउन करके प्राकृतिक तत्वों में बदल देते हैं। मदर डेयरी इस पैकेजिंग इनोवेशन को अपने प्रसिद्ध गाय दूध वर्ग के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर में विश्व पर्यावरण दिवस (पांच जून) से पेश करेगी, जिसमें एक नया पैक डिजाइन भी शामिल होगा। मदर डेयरी, देश की लोकप्रिय दूध और दुग्ध उत्पादों की प्रमुख एवं राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। उसने आज मंगलवार को देश का पहला मिट्टी में नैचुरली डिग्रेडेबल मिल्क पाउच पेश किया। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, यह पहल सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। नई पैकेजिंग इनोवेशन का अनावरण करते हुए राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड एवं मदर डेयरी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने कहा, विश्व के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश के रूप में, भारत का डेयरी क्षेत्र व्यापकता, समावेशिता और जिम्मेदारी का एक सच्चा उदाहरण है।

# कश्मीर की तुलना यूक्रेन से करने पर भड़का भारत, ईयू-पाक के संयुक्त बयान पर भारत सख्त!

नई दिल्ली 3 जून (निस) जम्मू-कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की हरकतों और उस पर कुछ वैश्विक संगठनों के ढुलमुल रवैये ने एक बार फिर भारत को कड़ा रुख अपनाने पर मजबूर कर दिया है। इस बार विवाद की वजह बना है यूरोपीय संघ (ईयू) और पाकिस्तान का एक संयुक्त बयान, जिसमें कश्मीर मुद्दे की तुलना सीधे यूक्रेन युद्ध से कर दी गई है। नई दिल्ली इस कूटनीतिक हिमाकत को बेहद गंभीरता से देख रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह भाषा सीधे तौर पर पाकिस्तान के उस पुराने अजेंडे को हवा देती है, जिसके तहत वह कश्मीर को एक अंतरराष्ट्रीय विवाद साबित करना चाहता है। यूक्रेन दो देशों के बीच का एक भीषण सैन्य युद्ध है, जबकि जम्मू-कश्मीर भारत का पूर्णत: आंतरिक, संवैधानिक और अभिन्न हिस्सा है। इन दोनों को एक तराजू में तौलना भारत की संप्रभुता पर चोट जैसा है।

यह कूटनीतिक बखेड़ा तब शुरू हुआ जब यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कल्लास इस्लामाबाद के दौरे पर पहुंचीं। वहां पाकिस्तानी हुक्मरानों और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकात के बाद एक साझा बयान जारी किया गया। इस बयान के पॉइंट नंबर 11 ने भारत के कूटनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी। बयान में एक ही पैराग्राफ के भीतर कश्मीर और यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया गया और कहा गया कि दोनों पक्ष इन संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। भारत का रुख हमेशा से शीशे की तरह साफ रहा है— पाकिस्तान के साथ कोई भी मुद्दा हो, वह सिर्फ शिमला समझौते और लाहौर घोषणापत्र के तहत आमने-सामने बैठकर सुलझाया जाएगा। इसमें यूरोपीय संघ या किसी भी तीसरे पक्ष की दखलंदाजी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कूटनीति में शब्दों का खेल बहुत बड़ा होता है, और कश्मीर को वैश्विक संघर्ष की श्रेणी में डालने की इस कोशिश को जानकार भारत के खिलाफ एक सोची-समझी कूटनीतिक गुस्ताखी मान रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## हैदरपुर में पेयजल की किल्लत, अधिक कीमत पर पानी खरीदने को मजबूर लोग

नई दिल्ली 3 जून (निस) हैदरपुर में पानी की किल्लत के कारण लोग अधिक कीमत पर पानी खरीदने को मजबूर है। 20 रुपये में 20 लीटर पानी मिलने वाला पानी अब 30-50 रुपये तक बिक रहा है। क्षेत्र में लगभग सप्ताहभर से जलापूर्ति बाधित है। लोगों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हैदरपुर गांव में लगभग सप्ताहभर से पानी की समस्या बनी हुई। तो अंबेडकर नगर के लोगों को तीन-चार दिनों से पानी नहीं मिल पा रहा। जलसंकट के कारण क्षेत्र के लगभग 20 हजार से अधिक लोग प्रभावित है। पानी की समस्या के कारण लोग निजी प्लांटों पर निर्भर हो चुके है। जबकि कुछ लोग आसपास के क्षेत्रों से पानी की व्यवस्था करने को मजबूर है। प्लांटों पर कुछ दिनों पहले 20 रुपये में 20 लीटर पानी मिल रहा था। लेकिन बढ़ती गर्मी के बीच पानी की किल्लत के कारण 20 लीटर पानी के 30-50 रुपये वसूले जा रहे है। इसके अलावा घर तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त पैसा चुकाना पड़ता है। जलसंकट के कारण लोगों की दैनिक दिनचर्या भी असर पड़ रहा है। महिलाएं, बच्चे व परिवार के सभी लोग पानी की व्यवस्था करते है। तब जाकर महिलाएं घरेलू कामकाज कर पाती है और अन्य लोग अपने कार्यस्थल पर पहुंचते है। आगामी दिनों में भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत लोगों की मुसीबत और बढ़ा सकती है।

## ओएसएम विवाद में फंसी कंपनी हो सकती है ब्लैकलिस्ट, जुर्माने के विकल्पों पर भी हो रहा विचार

नई दिल्ली 3 जून (निस) सीबीएसई की 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लागू की गई आन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली से जुड़े विवाद के बीच शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) डिजिटल परीक्षा सेवा प्रदाता कंपनी कोएम्प्ट एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर विचार कर रहा है। सीबीएसई से जुड़े सूत्रों के अनुसार कंपनी पर भारी आर्थिक दंड लगाने से लेकर भविष्य के सरकारी अनुबंधों से बाहर करने तक के विकल्पों पर चर्चा चल रही है। मामला उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग और मूल्यांकन प्रक्रिया में सामने आई तकनीकी गड़बड़ियों से जुड़ा है। इसमें हजारों उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कापियों में धुंधली छवियां, पन्नों के क्रम में गड़बड़ी और अन्य संरचनात्मक त्रुटियां सामने आई हैं। इन शिकायतों के बाद सीबीएसई ने मामले की समीक्षा शुरू की है।

## सलीम पिस्टल, गोगी, लॉरेंस समेत कई बड़ों पर दिल्ली पुलिस की नजर

नई दिल्ली 3 जून (निस) बांग्लादेश में छिपे देश के कुख्यात विदेशी हथियार तस्कर और आईएसआई एजेंट शाहबाज अंसारी से दिल्ली एनसीआर के जिन गैंगस्टरों ने विदेशी या अन्य हथियार खरीदे उन सभी को अंसारी गिरोह पर लगाए गए मकोका के मामले में भी दिल्ली पुलिस गिरफ्तार करेगी। अब तक दिल्ली पुलिस ने अंसारी के निर्देश पर नेपाल और अन्य जगहों से हथियार दिल्ली लाने वाले 16 आरोपितों को मकोका में बंद किया है। इनमें कई रिसीवर हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने साउथ दिल्ली के सबसे बड़े गैंगस्टर रोहित चौधरी और उसके शूटर टीटू को भी मकोका में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अमृतपाल सिंह प्रिंटर, पब्लिशर व संपादक ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आईजी प्रिंटर्स प्रा.लिमि., 104, डीएसआईडीसी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-20 के मालिक/कीपर जगपाल सिंह से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा 24/34 तिलक नगर नई दिल्ली से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.57282/1994

# दिल्ली सरकार इन अधिकारियों के लिए बनाएगी फ्लैट

नई दिल्ली 3 जून (संजय बंसल) दिल्ली सरकार शाहदरा के सीबीडी क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये की लागत से 84 आवासीय फ्लैट बनाएगी। इसके लिए डीडीए ने एक हेक्टेयर भूमि आवंटित की है। यह परियोजना 36 महीनों में पूरी की जाएगी। दिल्ली सरकार शाहदरा के सीबीडी क्षेत्र में न्यायिक अधिकारियों के लिए 200 करोड़ रुपये की लागत से 84 आवासीय फ्लैट बनाएगी। इसके लिए डीडीए ने एक हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी है। इस परिसर में 36 जिला न्यायाधीशों और 48 दीवानी न्यायाधीशों के लिए आधुनिक आवास होंगे। डीटीटीडीसी ने वैधानिक मंजूरियां लेने के लिए सलाहकारों से आवेदन मांगे हैं। इस पूरी परियोजना को 36 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार शाहदरा स्थित केंद्रीय व्यापार जिला (सीबीडी) क्षेत्र में न्यायिक अधिकारियों के लिए 84 आवासीय फ्लैटों का निर्माण करने की योजना बना रही है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपये है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) ने इस परियोजना के लिए व्यापक वास्तुशिल्प डिजाइन और इंजीनियरिंग योजना सेवाएं प्रदान करने के लिए कंसल्टेंट से आवेदन मांगे हैं। यह परियोजना पूर्वी दिल्ली में एक हेक्टेयर जमीन पर न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण से संबंधित है। दस्तावेज के मुताबिक, प्रस्तावित आवासीय परिसर में 36 जिला न्यायाधीशों और 48 दीवानी जजों के लिए आवास की व्यवस्था होगी। हर आवासीय इकाई के लिए आधारशिला क्षेत्र जिला न्यायाधीश (36) के लिए 2,500 वर्ग फुट और दीवानी न्यायाधीश (48) के लिए 2,000 वर्ग फुट होगा।

## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रस्ताव 15 जुलाई तक

बिलासपुर 3 जून (निस) सामान्य प्रशासन विभाग नवा रायपुर द्वारा वर्ष 2027 हेतु पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार के लिए 15 जुलाई 2026 तक नामांकन प्रस्ताव मंगाये गये है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। ऑनलाइन प्रक्रिया पोर्टल https://awaræ÷ds.gàæv.in पर बताई गई है एवं इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाइट https://awaræ÷ds.gàæv.in पर उपलब्ध है।

# हिजाब बैन से लेकर सैन्य महिला अधिकारियों के मामलों तक की पैरवी

नई दिल्ली, 3 जून (निस) देश की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना को सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। केंद्र सरकार द्वारा कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार किए जाने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने से उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। खास बात यह है कि वी. मोहना बार से सीधे सुप्रीम कोर्ट की जज बनने वाली दूसरी महिला होंगी। इससे पहले वर्ष 2018 में जस्टिस इंदु मल्होत्रा को वकालत से सीधे शीर्ष अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

59 वर्षीय वी. मोहना का न्यायिक और विधिक क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है। उन्होंने वर्ष 1988 में कोयंबटूर लॉ कॉलेज से कानून की पढ़ाई पूरी की और तब से लगातार वकालत कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2015 में उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता (सीनियर एडवोकेट) का दर्जा प्रदान किया था। अपने करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण और चर्चित मामलों में पक्ष रखा। इनमें सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों की सेवा शर्तों से जुड़े मामले, वरिष्ठ नागरिकों के संपत्ति अधिकारों से संबंधित विवाद तथा कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे हैं।

वी. मोहना की नियुक्ति के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर दो हो जाएगी। पिछले कई महीनों से जस्टिस बी. वी. नागरत्ना शीर्ष अदालत की एकमात्र महिला जज थीं। जस्टिस नागरत्ना अगस्त 2021 से सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत हैं और वर्ष 2027 में देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की संभावना रखती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में वी. मोहना 12वीं महिला न्यायाधीश होंगी। इससे पहले जस्टिस एम. फातिमा बीवी 1989 में शीर्ष अदालत की पहली महिला जज बनी थीं। वहीं, जस्टिस इंदु मल्होत्रा बार से सीधे नियुक्त होने वाली पहली महिला न्यायाधीश थीं। गौरतलब है कि हाल ही में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी है। वी. मोहना के अलावा मुंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली को भी सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया है। इन नियुक्तियों के बाद शीर्ष अदालत में रिक्त पदों की संख्या घटकर मात्र एक रह जाएगी।

# मानसून पूर्व की तैयारियां शुरू- बारिश की निगरानी करेंगे समूह, भारी बारिश के चलते राहत एवं बचाव के लिए सतर्क

नई दिल्ली 3 जून (संजय बंसल) मौसम विभाग ने कहा है कि इस हफ्ते केरल में मानसून दस्तक दे देगा। इससे पहले होने वाली जितनी भी तैयारियां है केंद्र सरकार ने शुरु कर दी है। भारी बारिश और बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए तैयारियां की जा रही है साथ राहत एवं बचाव दलों को भी अलर्ट कर दिया गया है। किसानों को ज्यादा नुकसान न हो इसका भी ख्याल रखा जा रहा है। केंद्र सरकार ने बताया कि फसल और मौसम की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप का गठन किया गया है। यह समूह प्रत्येक सोमवार को बैठक कर वर्षा की स्थिति, बुवाई की प्रगति, जलाशयों में जल स्तर, कृषि इनपुट की उपलब्धता, कीट प्रकोप और कीमतों के रुझान की समीक्षा करता है। इसके अलावा राहत आयुक्तों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को शामिल करते हुए एक अलग संकट प्रबंधन समूह भी बनाया गया है। कृषि मंत्रालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से जिला स्तर की आकस्मिक योजनाएं तैयार कर रहा है और मानसून की तैयारियों को लेकर राज्यों के अधिकारियों के साथ नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी कर रहा है।

सामान्य से कम रह सकती है बारिश

आईएमडी ने पिछले सप्ताह जारी संशोधित पूर्वानुमान में कहा था कि इस वर्ष मानसूनी वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार, देश में इस बार दीर्घकालिक औसत का लगभग 90 प्रतिशत वर्षा होने का अनुमान है। दीर्घकालिक औसत किसी क्षेत्र में 30 से 50 वर्षों की अवधि के दौरान दर्ज औसत वर्षा को कहा जाता है। वर्ष 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर पूरे भारत के लिए मौसमी वर्षा का एलपीए 87 सेंटीमीटर है। मौसम विभाग के मानकों के अनुसार यदि किसी मानसून सीजन में वर्षा दीर्घकालिक औसत के 90 प्रतिशत से कम रहती है, तो उसे डिफिशिएंट यानी कम वर्षा वाला मानसून माना जाता है। ऐसे में कृषि उत्पादन, जल भंडारण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका बढ़ जाती है।

26 मई तक केरल पहचेगा मानसून

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले दो से तीन दिनों के भीतर केरल में प्रवेश कर सकता है। मानसून के आगमन में देरी के बीच केंद्र सरकार ने कम बारिश की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत फसल और मौसम की निगरानी के लिए विशेष समूहों का गठन किया गया है तथा राज्यों को संकट प्रबंधन योजना भी भेजी गई है।आमतौर पर केरल में मानसून की शुरुआत 1 जून के आसपास मानी जाती है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि इस वर्ष मानसून 26 मई तक केरल पहुंच जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। विभाग ने बाद में अपने पूर्वानुमान में संशोधन करते हुए कहा था कि मानसून अगले सप्ताह के दौरान दस्तक दे सकता है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

# फूलडोल मेले की गरिमा पर उठे सवाल, वायरल तस्वीरों और वीडियो ने बढ़ाई चिंता

फतेहपुर 3 जून (निस) ।हुसैनगंज थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक फूलडोल मेला वर्षों से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द के लिए प्रसिद्ध रहा है। लेकिन इस वर्ष मेला अपनी विरासत और सांस्कृतिक पहचान के बजाय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही कुछ कथित आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो को लेकर चर्चा में है। इन घटनाओं ने मेले की गरिमा के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो और तस्वीरों में कुछ युवक-युवतियों के सार्वजनिक व्यवहार को लेकर लोगों के बीच व्यापक चर्चा हो रही है। हालांकि इन वायरल वीडियो और तस्वीरों की हम पुष्टि नहीं करते हैं, लेकिन इन्हें लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वायरल दृश्य वास्तविक हैं, तो यह सार्वजनिक आयोजनों में अनुशासन और निगरानी व्यवस्था की गंभीर कमी को दर्शाता है। फूलडोल मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल होते हैं। ऐसे में लोगों की अपेक्षा रहती है कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक मर्यादाओं और सांस्कृतिक मूल्यों का भी संरक्षण किया जाए। इसके बावजूद कथित घटनाओं को लेकर प्रशासन और आयोजकों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में स्थानीय नागरिकों का मानना है कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आयोजनों की पहचान उनकी परंपराओं, लोककला और सामाजिक समरसता से होनी चाहिए, न कि विवादों और वायरल वीडियो से। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसी स्थितियों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इन आयोजनों की मूल पहचान प्रभावित हो सकती है। सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने भी सार्वजनिक आयोजनों में अनुशासन, सुरक्षा और सांस्कृतिक गरिमा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। उनका कहना है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आयोजन समितियों को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे आयोजनों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहे।

## दिल्ली में पानी के लिए फिर हाहाकार

नई दिल्ली 3 जून (निस) दिल्ली में पानी की मांग और आपूर्ति में 250 एमजीडी का अंतर है। गर्मी के बीच यमुना में जल सूखने से इन दिनों 75 से 100 एमजीडी पानी सप्लाई और कम हो गई है। इससे दिल्ली में जल संकट बढ़ गया है।अनधिकृत कॉलोनियों के अलावा भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में पेयजल संकट बढ़ गया है। अनधिकृत कॉलोनियों के अलावा कई नियोजित कॉलोनियों में भी लोग पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। दिल्ली में पहले से ही पानी की मांग और आपूर्ति में 250 एमजीडी का अंतर है। यमुना में जल सूखने के कारण इन दिनों 75 से 100 एमजीडी पानी आपूर्ति और कम हो गई है। कहीं तीन दिन में नलों में पानी पहुंच रहा है तो कहीं टैंकर के लिए सात दिन इंतजार करना पड़ रहा है। दिल्लीवालों को हो रही पानी की परेशानी को लेकर एक शृंखला शुरू कर रहा है। सोमवार को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पेयजल आपूर्ति की पड़ताल की गई। पेश है पहली कड़ी आनंद विहार इलाके की श्रेष्ठ विहार कॉलोनी में पिछले तीन दिन से घरों में पानी नहीं आ रहा है। इसे लेकर आक्रोशित लोग आनंद विहार क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर तक शिकायत करने पहुंच गए। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने बताया कि सभी प्रकार के कर देने के बाद पॉश इलाके में पानी नहीं मिल रहा। नहाने और घर के काम के लिए टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। पीने के लिए बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है। जब से गर्मी बढ़ी है, पानी की किल्लत विकराल हो गई है। कभी तीन दिन पानी नहीं आता, तो कभी पांच दिन तक सूखा रहता है। इस बारे में विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि पानी की कमी के कारण आपूर्ति में समस्या है। इसे हल करने के प्रयास हो रहे हैं।

## अर्चना गुप्ता ने संभाला पद...

**पृष्ठ तीन का शेष** ... परंपरा का उत्सव है, जिसमें कार्यकर्ता सर्वोच्च, संगठन सर्वोपरि है, और राष्ट्रहित अंतिम लक्ष्य है।

**प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में बन रहा नए भारत का स्वरूप** - श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के इतिहास में दूसरी बार किसी महिला को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह हरियाणा की माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का क्षण है। यह उस बदलते हुए हरियाणा का प्रतिबिंब है, जहां महिलाएं केवल भागीदारी नहीं कर रहीं, बल्कि नेतृत्व कर रही हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नए भारत का स्वरूप है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदैव नारी को शक्ति का स्वरूप माना है। लेकिन वर्षों तक राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सीमित रही। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने इस स्थिति को बदलते हुए देखा है।

**केवल सिंह ढिल्लों ने संभाला ओहदा**-जनता पार्टी विचार आधारित संगठन है, जहां व्यक्ति नहीं बल्कि विचार और राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करता है, जिसके कारण आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरी है ।उन्होंने कहा कि पंजाब ने देश की सुरक्षा, कृषि, उद्योग और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रदेश की जनता विकास, रोजगार, समृद्धि और सुशासन की आकांक्षा रखती है तथा भारतीय जनता पार्टी इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## होटल में लगी आग

**पृष्ठ तीन का शेष ..**
कैसे लगी, इसको लेकर ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हालांकि मौके पर पहुंचे आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि आग होटल के सामने तारों के जाल में शॉर्ट सर्किट से लगी। उन्होंने कहा कि यहां से आग किचन तक पहुंची और फिर पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू जारी था। बताया जा रहा है कि कई झुलसे लोगों की हालत गंभीर है।

**पीएम मोदी और मुख्यमंत्री ने जताया शोक**-दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक बहुमंजिला रेस्तरां में भीषण आग लगने से करीब 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। आग लगने के बाद बड़ी संख्या में लोग अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया ।दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 8ः50 बजे मिली थी, जिसके बाद तत्काल कई दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 37 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर कुछ ही समय में काबू पा लिया गया, जिसके बाद पूरी इमारत को खाली कराकर जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया ।घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताकर मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह हादसा अत्यंत दुखद है और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

